दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज




● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, रविवार 05 जुलाई 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 1113

## संक्षिप्त खबरें ।

### रूस ने पूर्वी यूक्रेन के कोंस्तांतिनोवका शहर पर कब्जे का किया दावा, पुतिन ने रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण बताया

लोक तंत्र की आवाज़



**मॉस्को ।** रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों के बीच क्रेमलिन ने बड़ा दावा किया है. क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि रूसी सेना ने पूर्वी यूक्रेन के कोंस्तांतिनोवका शहर पर पूरा नियंत्रण स्थापित कर लिया है. रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इसे रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण बताया। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव के हवाले से आरआईए नोवोस्ती ने शुक्रवार को बताया, "कोंस्तांतिनोवका पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया गया है." समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, कोंस्तांतिनोवका यूक्रेन के डोनेट्स्क क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण शहर है।

इस घोषणा के बाद राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवारको संयुक्त सैन्य बल समूह के एक अस्थायी कमांड पोस्ट का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि कोंस्तांतिनोवका पर कब्जा रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

पुतिन ने कहा, "जैसा कि हम सभी जानते हैं, यह शहर डोनबास का प्रमुख परिवहन केंद्र और एक बड़ा औद्योगिक केंद्र है. रूसी सेना ने 2026 की शुरुआत से डोनबास और नोवोरोसिया में 133 बस्तियों तथा 3,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र पर नियंत्रण स्थापित किया है।

राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि यूक्रेन जितनी अधिक बार रूस के रिहायशी इलाकों पर हमला करने की कोशिश करेगा, रूस को अपने नागरिकों और सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए उतनी ही कड़ी कार्रवाई करनी होगी. उन्होंने कहा, "दुश्मन जितनी अधिक ऐसी कोशिशें करेगा, हमें आसपास के क्षेत्रों में उतना ही बड़ा सुरक्षा बफर जोन बनाना होगा। पुतिन ने यह भी दावा किया कि रूसी सेना ने लुहांस्क पीपल्स रिपब्लिक को पूरी तरह "मुक्त" करा लिया है।

संयुक्त सैन्य बल समूह (सीजेटीएफ) के एक अस्थायी कमांड पोस्ट पर आयोजित बैठक के दौरान पुतिन ने कहा, "मैंने देखा है कि सीजेटीएफ की यूनिट्स और फॉर्मेशन्स, सुरक्षा बलों (रूसी फेडरेशन के) के जनरल स्टाफ के बनाए ऑपरेशनल प्लान के हिसाब से अपने मिशन पूरे कर रही हैं. लुहांस्क पीपल्स रिपब्लिक की पूरी आजादी हाल ही में पूरी हुई है।

# प्रिया, रुचि और कृष्णा... सपा की महिला सांसदों की अपने ही नेताओं से क्यों बढ़ी अदावत?

लोक तंत्र की आवाज़

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सियासत में समाजवादी पार्टी एक दशक से सत्ता का वनवास झेल रही है. अखिलेश यादव सूबे की सत्ता में वापसी के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है, लेकिन पार्टी में अंदरूनी कलह और गुटबाजी कहीं उनकी उम्मीदों पर पानी न फेर दे. विधानसभा चुनावों से पहले जिस तरह सपा में सियासी रार छिड़ी हुई है, उसके चलते ही अखिलेश यादव ने कमाल अख्तर को विधानसभा के मुख्य सचेतक पद से हटाना पड़ा है।

मुरादाबाद की लोकसभा सांसद रुचि वीरा और कमाल अख्तर के बीच छिड़ी सियासी अदावत के चलते ही अखिलेश यादव को एक्शन लेना पड़ा है. सपा के सांसद और विधायक के बीच पहला मामला नहीं बल्कि यूपी में तीन सपा के महिला सांसदों की अपने ही इलाके में अपनी ही पार्टी के विधायक के साथ छत्तीस के आंकड़े हैं। यूपी में चुनावी सरगर्मी के बीच अखिलेश यादव एक तरफ जहां सपा 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूले के दम पर सत्ता में वापसी की रणनीति बना रही है,



**बुंदेलखंड में सपा सांसद और विधायक में कलह**

बुंदेलखंड में बीते लोकसभा चुनाव के दौरान अच्छा प्रदर्शन कर तीन सीटें जीतने वाली सपा 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले ही अंदरूनी कलह में उलझती दिख रही है. गुटबाजी की चलते ही सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 12 मई को बांदा की जिला कार्यकारिणी को भंग दिया. अब बांदा-चित्रकूट की सपा सांसद कृष्णा पटेल और बबेरू से सपा के विधायक विशंभर सिंह यादव के बीच पिछले हफ्ते जमकर कहासुनी एक कार्यक्रम में हुई।

लेकिन जमीनी स्तर पर सपा सांसद और विधायकों की आपसी महत्वाकांक्षाएं और गुटबाजी पार्टी के बने-बनाए खेल को बिगाड़ सकती हैं।

**प्रिया सरोज और रागिनी सोनकर में शह-मात:** जौनपुर की मछलीशहर सीट पर सपा की दो युवा और तेजतर्रार महिला नेताओं के बीच सियासी रार छिड़ी हुई है. मछली शहर की सपा सांसद प्रिया सरोज और स्थानीय विधायक डॉ. रागिनी सोनकर के बीच सियासी अदावत किसी से छिपी नहीं है. ये दोनों महिला नेता सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की करीबी मानी जाती हैं, लेकिन एक ही क्षेत्र से होने के चलते दोनों के बीच वर्चस्व की जंग को हवा दे दी है। प्रिया सरोज सपा के दिग्गज नेता तुफानी सरोज की बेटी हैं और 2024 में मछली शहर सीट से सांसद चुनी गई है. रागिनी सोनकर 2022 में मछलीशहर सीट से विधायक चुनी गई और 2024 में वो चुनाव लड़ना चाहती थी, लेकिन पार्टी ने प्रिया सरोज को टिकट दे दिया था. इसके बाद से ही दोनों के रिश्ते जगजाहिर हैं और एक दूसरे पर निशाना साधने का मौका नहीं गंवाती हैं. इतना ही नहीं एक दूसरे के साथ न मंच शेयर करती हैं और न ही अपने-अपने कार्यक्रम में एक दूसरे को बुलाती हैं।

**रुचि वीरा और कमाल अख्तर की अदावत :** मुरादाबाद की मौजूदा सपा सांसद रुचि वीरा और जिले की कांठ विधानसभा सीट से विधायक कमल अख्तर के बीच 2024 से ही सियासी अदावत छिड़ी हुई है. रुचि वीरा को सपा नेता आजम खान का करीबी माना जाता है. आजम खान और कमाल अख्तर की सियासी अदावत किसी से छिपी नहीं है. इसके चलते रुचि वीरा और कमाल अख्तर की भी नहीं पटती है. कमाल अख्तर न ही अपने कार्यक्रम में रुचि वीरा को बुलाते हैं और न ही रुचि वीरा अपने कार्यक्रम में कमाल अख्तर को बुलाती हैं। यह बात अखिलेश यादव तक पहुंची तो उन्होंने दोनों ही नेताओं को लखनऊ बुलाया. अखिलेश की मौजूदगी में दोनों ही नेताओं के बीच कहासुनी शुरू हो गई।

## राम मंदिर चढ़ावा विवाद: 6 जुलाई को ट्रस्ट की अहम बैठक, चंपत राय के इस्तीफे से लेकर SIT रिपोर्ट तक कई बड़े मुद्दों पर होगी चर्चा

लोक तंत्र की आवाज़



**अयोध्या ।** अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे विवाद में गड़बड़ी के मामले ने अब धार्मिक और राजनीतिक दोनों स्तरों पर हलचल बढ़ा दी है। इस बीच 6 जुलाई को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की एक अहम बैठक बुलाई गई है, जिसमें मंदिर प्रबंधन से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी।

**राम मंदिर चढ़ावा मामले में बड़ा खुलासा :** बैंक खातों में जमा रकम में बड़ा अंतर देखने को मिला है। ₹16-18 लाख से बढ़कर ₹24-26 लाख रोज जमा हो रहे थे। SIT को रोज ₹6-8 लाख चोरी का शक है। मामले को लेकर SBI मैनेजर समेत 10 बैंक कर्मियों से SIT पूछताछ कर रही है। इसके साथ ही बैंक दस्तावेज और लेनदेन रिकॉर्ड जब्त कर 2-3 लोगों की भूमिका पर सीट जांच कर रही है।

SIT जांच में बड़ा खुलासा, बैंक खातों में जमा राशि में मिला बड़ा अंतर

अयोध्या के राम मंदिर चढ़ावा मामले की जांच के दौरान SIT को अहम सुराग मिले हैं। शुरुआती जांच में बैंक खातों में जमा होने वाली रकम में बड़ा अंतर सामने आया है। जांच के मुताबिक, पहले जहां प्रतिदिन 16 से 18 लाख रुपये जमा हो रहे थे, वहीं बाद में यह राशि बढ़कर 24 से 26 लाख रुपये प्रतिदिन दर्ज की गई। इस अंतर को देखते हुए SIT को रोजाना 6 से 8 लाख रुपये की कथित अनियमितता का संदेह है।

मामले की तह तक पहुंचने के लिए जांच टीम ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) के शाखा प्रबंधक समेत 10 बैंक कर्मचारियों से पूछताछ की है। साथ ही बैंक से जुड़े दस्तावेज और लेनदेन के रिकॉर्ड भी अपने कब्जे में लेकर उनकी जांच की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसी की नजर अब 2 से 3 अन्य लोगों की संभावित भूमिका पर भी है। SIT वित्तीय लेनदेन और बैंकिंग रिकॉर्ड के आधार पर पूरे मामले की गहन जांच कर रही है।

**6 जुलाई को होगी ट्रस्ट की अहम बैठक:** ट्रस्ट की बैठक 6 जुलाई को दोपहर 3 बजे अयोध्या स्थित मणिराम दास छावनी में आयोजित होगी। बैठक के एजेंडे में कई अहम विषय शामिल किए गए हैं। इनमें कथित चढ़ावा गड़बड़ी मामले की जांच, मंदिर की वित्तीय स्थिति और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा प्रमुख रहेगी। बैठक में जिन मुद्दों पर चर्चा प्रस्तावित है, उनमें शामिल हैं ट्रस्ट महासचिव चंपत राय और सदस्य अनिल मिश्रा के इस्तीफों पर विचार।

## ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर खामेनेई का अंतिम संस्कार: लाखों की भीड़ में शोक का माहौल

लोक तंत्र की आवाज़

**नईदिल्ली।** ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर आयतुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार का कार्यक्रम शुरू हो चुका है। उनकी मृत्यु के लगभग चार महीने बाद, अब उन्हें अंतिम विश्राम स्थल प्राप्त होगा। खामेनेई का शव तेहरान के 'ग्रैंड मोसल्ला' में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा।

**तेहरान में शोक का माहौल:** तेहरान में लोग काले कपड़े पहनकर ग्रैंड मोसल्ला की ओर बढ़ रहे हैं। सड़कों पर लाखों की भीड़ है, जो हाथों में पोस्टर और बैनर लिए आगे बढ़ रही है और शोक व्यक्त कर रही है। सड़कों पर वाहनों के लिए कोई जगह नहीं है।

**लोगों की भावनाएं :** 27 वर्षीय



हनानेह मौसवी, जो अपनी मां के साथ अंतिम संस्कार में शामिल हुई हैं, ने आंसू भरी आंखों से कहा, 'मैं अपने प्रिय नेता को विदाई देने आई हूं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि ऐसा दिन देखना पड़ेगा।'

**अंतिम संस्कार की तैयारी :** ग्रैंड मोसल्ला को उसी तरह सजाया गया है जैसे 'हुसैनिया' को सजाया जाता था। 28 फरवरी को इजरायल और ईरान के संयुक्त हमले में हुसैनिया कैंपस को नुकसान पहुंचा था।

**लोगों की संख्या :** ईरान सरकार का अनुमान है कि राजधानी की सड़कों पर लाखों लोग जुटेंगे, जो 1989 में अयातुल्ला खुमैनी के अंतिम संस्कार के दृश्य की याद दिला सकता है।

**खामेनेई की अंतिम यात्रा:** अली खामेनेई का शव ईरान और पड़ोसी इराक के विभिन्न शहरों से गुजरेगा। अधिकारियों ने शोक कार्यक्रमों के लिए तेहरान में सड़कों और हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया है।

**मोजतबा खामेनेई की स्थिति :** ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई, 28 फरवरी के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं दिखे हैं। उन्हें भी उस हमले में गंभीर चोटें आई थीं।

**संभावित हमले की चेतावनी :** इजरायल ने मोजतबा खामेनेई को मारने की धमकी दी है, जिसके बाद ईरान की संयुक्त सैन्य कमान ने चेतावनी जारी की है।

**ईरान की स्थिति :** ईरान में 28 फरवरी के बाद से स्थिति गंभीर है। कई उच्च अधिकारी मारे गए हैं और सरकार पर जनता का मनोबल बढ़ाने का दबाव है। अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे, जिनमें पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, आर्मेनिया, जॉर्जिया, तुर्किये, चीन, रूस, भारत, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के नेता शामिल हैं।

## ईरान के सुप्रिम लीडर को भारत का आखिरी सलाम! तेहरान पहुंचे दिग्गजों को देख क्यों चौकी दुनिया

लोक तंत्र की आवाज़

**नईदिल्ली।** ईरान के दिवंगत सुप्रीम लीडर अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई को अंतिम विदाई देने के लिए भारत ने एक बेहद खास और उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल तेहरान भेजा है। इस खास दल में केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर विपक्ष के बड़े चेहरे और विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु तक शामिल हैं। भारत के इस कदम को दोनों देशों के बीच सदियों पुराने मजबूत और रणनीतिक रिश्तों का एक बड़ा संकेत माना जा रहा है, जिस पर पूरी दुनिया की नजरें टिकी हैं।

**कौन कर रहा है भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई?** :तेहरान पहुंचे इस खास भारतीय



डेलिगेशन की कमान विदेश राज्य मंत्री पवित्र मार्गेरिटा और बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) सैयद अता हसनैन के हाथों में है। तेहरान पहुंचने के बाद इन्होंने दिवंगत नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही, हाल ही में हुए क्षेत्रीय संघर्षों में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति भी गहरी संवेदना जताई गई। इस बेहद संवेदनशील मौके पर भारत ने एक बार फिर से पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता कायम करने की अपील की है।

**विदेश नीति पर एकजुट दिखा भारत, विपक्ष को भी मिली जगह:** भारत ने इस डेलिगेशन के जरिए एक बहुत बड़ा संदेश दिया है। इस दल में सिर्फ सत्ता पक्ष के लोग ही नहीं हैं, बल्कि विपक्ष के बड़े नेताओं को भी शामिल किया गया है। इसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद के अलावा जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती भी तेहरान पहुंची हैं। इस डेलिगेशन की सबसे खूबसूरत बात यह है कि इसमें भारत की धर्मनिरपेक्ष और विविधता से भरी पहचान को प्रमुखता से पेश किया गया है। प्रतिनिधिमंडल में हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई समुदायों के जाने-माने धर्मगुरुओं और विद्वानों को भी जगह दी गई है। यह कदम दुनिया के सामने भारत की उस समावेशी सोच को दर्शाता है जो सभी धर्मों का सम्मान करती है।

## खतरे में है लोकतंत्र' चुनाव आयोग और मोदी सरकार के खिलाफ विपक्ष ने खोला मोर्चा

लोक तंत्र की आवाज़

**नईदिल्ली।** देश की सियासत में एक बार फिर भूचाल आ गया है। इस बार विपक्ष ने सीधे सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। 'एसआईआर' (SIR) प्रक्रिया को लेकर विपक्षी दल केंद्र की मोदी सरकार पर पूरी तरह हमलावर हो गए हैं। कांग्रेस समेत 23 विपक्षी दलों और एक निर्दलीय सांसद ने सीधे भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) सूर्यकांत को एक कड़क लेटर लिखा है। इस चिट्ठी में आरोप लगाया गया है कि केंद्र सरकार देश के चुनावी लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। विपक्ष ने देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए अदालत से तुरंत दखल देने की बड़ी अपील की है।

**मोदी-शाह पर केसी वेणुगोपाल का सीधा और तीखा**



**हमला:** इस पूरे मामले पर कांग्रेस के दिग्गज नेता केसी वेणुगोपाल ने मोदी सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि आज हमारे देश के चुनावी लोकतंत्र को प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से सबसे बड़ा खतरा है। मुख्य न्यायाधीश को यह लेटर 28 जून को ही लिख दिया गया था, जिसे शुक्रवार को सार्वजनिक किया गया। केसी वेणुगोपाल ने बताया कि 23 विपक्षी दलों और एक निर्दलीय सांसद ने चीफ जस्टिस को पत्र भेजकर एसआईआर (SIR) प्रक्रिया की कथित खामियों, भारत के चुनाव आयोग (ECI) के पक्षपातपूर्ण रवैये और चुनावों से जुड़े कई गंभीर मुद्दों की तरफ ध्यान खींचा है।

**लोकतंत्र को बचाना अब न्यायपालिका की जिम्मेदारी:** कांग्रेस सांसद ने लोकतंत्र में अदालतों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि आज के दौर में लोकतंत्र की रक्षा करना न्यायपालिका की सबसे बड़ी संवैधानिक जिम्मेदारी बन गई है। ऐसा इसलिए क्योंकि देश की कार्यपालिका पर संविधान के मूल ढांचे को ही कमजोर करने के बेहद गंभीर आरोप लग रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह कर्तव्य है कि वह देश में यह सुनिश्चित करे कि किसी के साथ अन्याय न हो। चुनावों को पूरी तरह स्वतंत्र और निष्पक्ष बनाना अदालत का काम है।

**खरगे, राहुल और ममता समेत इन बड़े दिग्गजों के हैं हस्ताक्षर:** विपक्ष की तरफ से मुख्य न्यायाधीश को भेजे गए इस संयुक्त पत्र का राजनीतिक वजन बहुत ज्यादा है। इस लेटर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव, टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी और डीएमके के तिरुचि शिवा जैसे देश के सबसे बड़े विपक्षी नेताओं ने साइन किए हैं।

**विपक्ष का बड़ा आरोप: खतरे में है देश का लोकतंत्र:** विपक्षी दलों ने इस पत्र में मुख्य रूप से पांच बड़ी चिंताओं को देश के सामने रखा है। सबसे पहला और बड़ा आरोप यह है कि देश का चुनावी लोकतंत्र इस वक्त बेहद गंभीर संकट से गुजर रहा है। विपक्ष का कहना है कि देश की कई बड़ी संवैधानिक संस्थाएं अब निष्पक्ष नहीं रह गई हैं और वे पूरी तरह से कार्यपालिका यानी सरकार के दबाव और प्रभाव में काम कर रही हैं। ऐसे माहौल में अब न्यायपालिका ही लोकतंत्र को बचाने की आखिरी उम्मीद बची है।

## यूक्रेन के हमलों में रूस में 8,500 नागरिकों की मौत: मॉस्को

लोक तंत्र की आवाज़

**मास्को ।** रूस के विदेश मंत्रालय के एम्बेसडर-एट-लार्ज रोडियन मिरोशनिक ने एक ब्रीफिंग में बताया कि फरवरी 2022 से यूक्रेन के सैन्य हमलों के कारण रूस में लगभग 8,500 आम नागरिकों की जान गई है।

उन्होंने शुक्रवार को जानकारी साझा करते हुए कहा कि 30 जून 2026 तक हताहतों की कुल संख्या 30,913 तक पहुंच गई है, जिसमें लगभग 8,434 लोगों की मौत शामिल है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मिरोशनिक ने बताया कि पिछले तीन महीनों में यूक्रेन के हमलों ने रूस के 42 क्षेत्रों में नागरिक बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कुछ प्रमुख घटनाओं का उल्लेख किया, जैसे स्टारोबेल्स्क में एक कॉलेज पर



हमला, ब्रांस्क क्षेत्र में बेलारूसी बच्चों को ले जा रही बस पर हमला और येनाकीयेवो में एक सामान्य यात्री बस पर हमले के बारे में। मिरोशनिक ने यह भी बताया कि 2014 से अब तक कुल 373 बच्चे मारे गए हैं और 1,845 घायल हुए हैं।

रूस ने यूक्रेन के नागरिक ठिकानों पर हमलों की निंदा की है और मानवाधिकारों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त के कार्यालय को एक आधिकारिक नोट भेजा है, जिसमें इन घटनाओं की अंतरराष्ट्रीय जांच की मांग की गई है। एक अन्य मामले में, मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने कहा कि रूसी वायु सेना ने शुक्रवार की शुरुआत से मॉस्को को निशाना बनाने वाले 28 ड्रोन को मार गिराया है।

सोबयानिन ने सोशल मीडिया पर बताया कि शुक्रवार रात को रूसी राजधानी की ओर बढ़ रहे आठ और ड्रोन को भी नष्ट किया गया। उन्होंने कहा, "आपातकालीन सेवाएं मलबे वाली जगह पर काम कर रही हैं।"

इसके अलावा, रूस ने दावा किया कि उसकी सेना ने पूर्वी यूक्रेन के कोंस्तांतिनोवका शहर पर पूरा नियंत्रण स्थापित कर लिया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि यह शहर रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## कैसे कांग्रेस का इतना बढ़ा हौसला कि मांग ली आधी सीटें, यूपी में सपा बनी कांग्रेस की साथी

लोक तंत्र की आवाज़

**नईदिल्ली।** उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में एक साल से भी कम का वक्त बचा है. यही नहीं कयास ऐसे भी हैं कि ये चुनाव थोड़ा पहले भी कराए जा सकते हैं. इस बीच सभी दलों ने अपनी तैयारी तेज की है तो वहीं खींचतान भी शुरू है. विपक्षी गठबंधन में कांग्रेस की दावेदारी ही चिंता बढ़ा रही है. यूपी में कांग्रेस के प्रभारी बने राजेंद्र पाल गौतम ने यह करकर सपा को दबाव में लाने का प्रयास किया है कि सीट बंटवारे के लिए बराबरी की बात की जाएगी. इस तरह उन्होंने मजबूत दावेदारी पेश करने की कोशिश



की है. सपा का अनुभव 2017 का बेहद खराब रहा है. तब उसने कांग्रेस को 100 सीटें दी थीं और उसे 7 पर ही जीत मिली थी. ऐसे में शायद ही इतनी बड़ी मांग सपा के गलते उतरे।

फिर भी देखना होगा कि दोनों दलों की रस्साकशी कहां जाकर खत्म होती है और सपा-कांग्रेस कितनी सीटों पर चुनाव लड़ते हैं. कांग्रेस ने दबाव बढ़ाने के लिए यहां तक कहा कि हम मायावती का सम्मान करते हैं और बातचीत के लिए खुले हैं. रिपोर्ट्स के अनुसार कांग्रेस राज्य में 150 सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा ठोक सकती है. वहीं सपा की ओर से अब तक यही संकेत है कि वह कांग्रेस को 70-80 से ज्यादा सीटें देने के मूड में नहीं है. साफ है कि सीट बंटवारा आसान नहीं होगा. खासतौर पर अखिलेश यादव यह जरूर चाहेंगे कि सपा ज्यादा से ज्यादा सीटों पर लड़े, लेकिन कांग्रेस से दूरी में भी नुकसान का खतरा है. ऐसे में कोई रास्ता निकालना आसान नहीं होगा। माना जा रहा है कि कांग्रेस ने बराबरी की बात दबाव के लिए की है, लेकिन 200 से 70 तक आने का सफ़र पार्टी कैसे तय करेगी।

## 15 जुलाई को पटना पहुंचेंगे राहुल गांधी, मुसल्लहपुर हाट में पदयात्रा और छात्रों से करेंगे सीधा संवाद

लोकतंत्र की आवाज

**संवाददाता विनोद प्रसाद**

**पटना।** बिहार कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनावों और सांगठनिक मजबूती के लिए पूरी तरह सक्रिय हो गई है। हाल ही में सदाकत आश्रम में आयोजित बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक में संगठन को धार देने के लिए कई बड़े निर्णय लिए गए। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता और प्रभारी कृष्णा अल्लावरु की उपस्थिति में हुई इस समीक्षा बैठक में राज्य के सभी 53 सांगठनिक जिलाध्यक्ष शामिल हुए।

बैठक का सबसे मुख्य आकर्षण



राहुल गांधी का आगामी पटना दौरा रहा। कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने स्पष्ट किया कि राहुल गांधी अब 15 जुलाई को पटना पहुंचेंगे। इस दौरे के दौरान वे राजधानी के प्रमुख शिक्षा केंद्र मुसल्लहपुर हाट में पदयात्रा करेंगे। छात्रों की गूंज कार्यक्रम के अंतर्गत वे वहां छात्रों से सीधा संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं को जानेंगे। इस दौरान वे छात्र सम्मेलन को संबोधित करेंगे और छात्रों व युवाओं से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रखेंगे। कांग्रेस की ओर से इस कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। पार्टी नेताओं का कहना है कि छात्र सम्मेलन के माध्यम से शिक्षा, रोजगार और युवाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। राहुल गांधी के दौरे को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। बिहार कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के दौरे को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियों में जुटे हुए हैं।

वहीं, राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राहुल गांधी का यह दौरा केवल एक सामान्य राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है। इसके जरिए कांग्रेस युवाओं, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों और शिक्षा से जुड़े संगठनों के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही the है। पेपर लीक, भर्ती में देरी, बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था जैसे मुद्दों को लेकर कांग्रेस लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर रही है। पटना का कार्यक्रम भी इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। कांग्रेस का प्रयास है कि छात्र समुदाय की समस्याओं को प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाया जाए।

# संक्षिप्त खबरें ।

## माफी गांव के खंडहरनुमा कमरे से 182 लीटर शराब और बीयर बरामद



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन) :**–गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार की अहले सुबह करीब दो बजे वारिसलीगंज पुलिस ने छापेमारी कर 181.93 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की।मौके से एक स्कूटी भी जब्त की गयी।पुलिस ने बताया कि गुरुवार की देर रात करीब 12 बजे सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के माफी गांव स्थित महारानी मंदिर के समीप एक खंडहरनुमा कमरे में अंग्रेजी शराब की खेप पहुंची है।सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष के निर्देश पर वारिसलीगंज थाने की पुलिस के साथ उक्त स्थान पर छापेमारी की।पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही शराब धंधेबाज अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने बताया कि छापेमारी के दौरान मैजिक मूवमेंट अंग्रेजी शराब 750 एमएल की 12 बोतल, रॉयल स्टेग की 54 बोतल, ब्लेंडर्स प्राइड की चार बोतल, इम्पीरियल ब्लू की पांच बोतल, गार्ज विलियम 180 एमएल की 26 बोतल, गॉड फादर बीयर 500 एमएल की 203 बोतल तथा बडवाइजर बीयर की 48 बोतल जब्त की गयी।साथ ही उक्त स्थल से एक स्कूटी भी बरामद की गयी।इस बाबत वारिसलीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।इसकी जानकारी थानाध्यक्ष ने दी।

## नए आपराधिक विधियों पर दो दिवसीय राज्य-स्तरीय सम्मेलन₹ में गया के अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया



**गया जी।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गया एयरपोर्ट पहुंचे। उनके आगमन को लेकर जिला प्रशासन पहले से ही पूरी तरह अलर्ट था। एयरपोर्ट से लेकर कार्यक्रम स्थल तक सुरक्षा के चाक–चौबंद इंतजाम किए गए थे। मुख्यमंत्री के पहुंचते ही पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी के बीच उनका भव्य स्वागत किया गया है। मुख्यमंत्री का गया जी यह दौरा नए आपराधिक कानूनों को लेकर आयोजित "नए आपराधिक विधियों पर दो दिवसीय राज्य–स्तरीय सम्मेलन" में गया के अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया है। इस कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न हाई कोर्ट के न्यायाधीश, न्यायिक अधिकारी, विधि विशेषज्ञ और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी शामिल होंगे। इस दौरान भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ,भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से मंथन किया जाएगा।जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। एयरपोर्ट, कार्यक्रम स्थल और पूरे वीवीआईपी रूट पर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। सुरक्षा एजेंसियां हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाए हुए हैं, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। इस मौके पर जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा,बेला गंज विधायिका मनोरमा देवी, नगर प्रखंड प्रमुख सुचित्रा रंजनी,उप प्रमुख सतिश पटेल, जदयू महिला जिला अध्यक्ष ज्योती दागी, जितेन्द्र कुमार,अवध बिहारी पटेल ,मो औरंगजेब सहित एणडीए के वरिष्ठ नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया है।

## गायब पुत्री को ले पिता ने दर्ज करायी प्राथमिकी

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन) :**–वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती पिछले 20 दिनों गायब है।इस बाबत पीड़ित पिता ने थाना में आवेदन देकर गायब पुत्री की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।थाना को दिए आवेदन में कहा गया है कि 10 जून 2026 की शाम लगभग छह बजे पुत्री शौच के लिए गांव स्थित आहर की ओर गयी थी,जो अबतक घर वापस नहीं लौटी है। कहा गया है कि काफी खोजबीन करने के बाद जब कहीं अता पता चला तब दो जुलाई 2026 को थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करवाई है।

# वारिसलीगंज : लोन देने के नाम पर ठगी करते तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

**साइबर से जुड़े एक मामले में आरोपितों की तलाश में पहुंची थी चंडीगढ़ की पुलिस**



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के चैनपुरा गांव में लोन देने के नाम पर ठगी करते तीन साइबर अपराधियों को पुलिस ने धर दबोचा।पकड़े गए अपराधियों में वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के वारिसलीगंज बाजार स्थित जवाहर पार्क मोहल्ला निवासी स्व. बुधन सिंह का 23 वर्षीय बेटा अंकित कुमार,चैनपुरा गांव निवासी रामचरित्र सिंह का 25 वर्षीय बेटा सत्यवीर कुमार और उसी गांव के स्व. सूरज सिंह का 28 वर्षीय बेटा सन्नी कुमार शामिल हैं।इन अपराधियों से छह एंड्रायड मोबाइल भी बरामद किए गए हैं।थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि एसपी अभिनव धीमान के निर्देश पर वारिसलीगंज थानाध्यक्ष के नेतृत्व में विशेष छापमारी टीम का गठन किया गया।इस टीम के द्वारा गुप्त सूचना के आलोक में चैनपुरा गांव में छापेमारी की गई। इसी क्रम में तीन साइबर अपराधियों को ठगी करते पकड़ लिया गया।पकड़े गए अपराधियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उनके पास कस्टमर डाटा होता है,जिसमें ग्राहकों का मोबाइल नंबर,पता,नाम आदि अंकित रहता है।इस डाटा के आधार पर लोगों से संपर्क करते हैं और विभिन्न कंपनियों में लोन देने के नाम पर ठगी करते हैं।थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में वारिसलीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।आरोपितों को जेल भेजा जा रहा है।छापेमारी टीम में वारिसलीगंज के पुसअनि मंजर धुनिया,साइबर थाना चंडीगढ़ के पुसअनि अजमेर सिंह समेत सशस्त्र बल शामिल थे।

**चंडीगढ़ की साइबर थाना पुलिस संग की छापेमारी:** थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने बताया कि चंडीगढ़ के साइबर थाना की पुलिस वारिसलीगंज पहुंची थी।साइबर थाना चंडीगढ़ में दर्ज कांड संख्या 70/23 में फरार चल रहे अभियुक्तों की छापेमारी करने के लिए पुलिस आई थी। उन अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की गई, लेकिन साइबर थाना चंडीगढ़ में दर्ज कांड संख्या 70/23 के संबंध में कोई सूत्र प्राप्त नहीं हुआ।इसी छापेमारी के दौरान तीनों साइबर अपराधियों को पकड़ा गया।

**कार्रवाई के बाद भी नहीं सुधर रहे साइबर अपराधी:** वारसलीगंज प्रखंड इन दिनों साइबर अपराधियों के एक बड़े सुरक्षित ठिकाने के रूप में उभरा है।हाल के दिनों में घटी कई बड़ी घटनाएं इस बात का पुख्ता सबूत हैं कि यहां अपराधियों का एक पूरा संगठित नेटवर्क काम कर रहा है। पिछले कुछ महीनों में वारसलीगंज के विभिन्न गांवों में पुलिस ने ताबड़तोड़ छापेमारी की है। इन कार्रवाइयों में दर्जनों शातिर साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से सैकड़ों फर्जी सिम कार्ड, महंगे स्मार्टफोन, एटीएम कार्ड, पासबुक और लाखों रुपये कैश बरामद हुए हैं। यहां के अपराधी मुख्य रूप से देश के अन्य राज्यों जैसे महाराष्ट्र, दिल्ली, कर्नाटक) के भोले भाले लोगों को अपना निशाना बनाते हैं। ठगी के लिए ये मुख्य रूप से लोन या कम ब्याज पर पर्सनल लोन दिलाने का झांसा, बिजली बिल बकाया होने के नाम पर कनेक्शन काटने की धमकी देकर ऐप डाउनलोड करवाना, लॉटरी, केबीसी के नाम पर या सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर ओटीपी मांगने का सहारा लेते हैं।

# पति ने पत्नी की चाकू मारकर की हत्या, साले पर भी किया चाकू से वार





लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज नगर परिषद क्षेत्र के खानापुर गांव में शुक्रवार की दोपहर में पति ने पत्नी तथा साला को चाकू से प्रहार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। घटना को अंजाम देकर खुद भागकर वारिसलीगंज थाना पहुंच पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। इधर, दोनों जख्मी भाई बहन को परिवार जनों द्वारा इलाज को लेकर सीएचसी वारिसलीगंज ले जाया गया।जहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद दोनों को विम्स पावापुरी रेफर कर दिया गया।इलाज के दौरान पत्नी की मौत हो गई,जबकि साला पटना के एक अस्पताल में जीवन और मौत के बीच जूझ रहा है।खानापुर ग्रामीण उपेंद्र सिंह ने अपनी पुत्री पूजा कुमारी (उम्र 28 वर्ष) की शादी हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार नप क्षेत्र के चैनपुरा ग्रामीण नेपाली सिंह के पुत्र मौली कुमार से की थी।शादी के बाद से पति-पत्नी के बीच संबंध अच्छे नहीं थे।इस बीच एक पुत्री पैदा हुई जो फिलहाल तीन वर्ष की है।पूजा ससुराल चैनपुरा में थी,तभी पति पत्नी के बीच विवाद बढ़ गया।सूचना के बाद स्थानीय पुलिस की टीम गांव पहुंच समझा बुझाकर पूजा को मायके जाने की सलाह देकर लौट आई।परंतु शुक्रवार की दोपहर सनकी पति मौली खानापुर स्थित ससुराल पहुंचकर चाकू से पत्नी पर ताबड़तोड़ प्रहार करने लगा।बीच बचाव करने आया साला आदित्य कुमार (उम्र 19 वर्ष) को भी मौली ने चाकू गोदकर जख्मी कर दिया।घटना के बाद सनकी पति भागकर वारिसलीगंज पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण कर दिया। घटना में जख्मी दोनों भाई बहन को इलाज के लिए विम्स पावापुरी ले जाया गया।जहां आदित्य को पटना रेफर किया गया, जबकि पूजा इलाज के दौरान जिंदगी की जंग हार गई। घर में पूजा की तीन वर्षीय पुत्री समेत परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है।

# टीबी के मरीजों को अतिरिक्त पोषण सहायता देने आगे आए समाजसेवी



लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग गांवों के चिन्हित चार टीबी रोग से ग्रसित मरीजों को सहयोग करने के लिए क्षेत्र के सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता आगे आए हैं।इस संबंध में सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. आरती अर्चना ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों के चार टीबी मरीजों को चिन्हित किया गया है। जिनका इलाज सीएचसी में किया जा रहा है। खानपान सही रहने और समुचित इलाज से मरीज की बीमारी ठीक हो जाती है। ऐसे जरूरतमंद मरीज को मदद पहुंचाने के लिए शुक्रवार को अस्पताल पहुंचे रविकांत पुनम महाविद्यालय के संचालक व समाजसेवी अजय कुमार रविकांत द्वारा दो मरीजों को तथा वारिसलीगंज पश्चिमी के जिला परिषद सदस्य अंजनी कुमार द्वारा एक मरीज को सहयोग दिया गया।

# विवेकानंद पब्लिक स्कूल में प्रथम चरण की क्विज़ प्रतियोगिता

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**- वारिसलीगंज के मेंन रोड पर स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शनिवार को क्विज़ प्रतियोगिता 2026 के प्रथम चरण का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।यह प्रतियोगिता कुल तीन चरणों में होनी है जिसमें दूसरी कक्षा से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान,तार्किक क्षमता,वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करना था।इस प्रतियोगिता की विशेषता इसका प्रौद्योगिकी आधारित (टेक्नोलॉजी एलइडी) संचालन रहा।सभी प्रश्न विद्यालय के डिजिटल एलईडी पैनल पर प्रदर्शित किए गए, जिससे प्रतियोगिता पारदर्शी, आकर्षक एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। प्रत्येक प्रतिभागी को उत्तर अंकित करने के लिए ओएमआर उत्तर-पत्र उपलब्ध कराया गया। विद्यार्थियों ने निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने उत्तर ओएमआर शीट पर सावधानीपूर्वक अंकित किए।विद्यार्थियों ने अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रश्न विभिन्न विषयो सामान्य ज्ञान,विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेज़ी, कंप्यूटर एवं समसामयिक घटनाओ से संबंधित थे,जिन्होंने विद्यार्थियों की ज्ञानवर्धक एवं विश्लेषणात्मक क्षमता का प्रभावी मूल्यांकन किया।प्रतियोगिता के प्रथम चरण के परिणामों के आधार पर चयनित विद्यार्थी द्वितीय चरण में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे जो की अगले सप्ताह में आयोजित किया जायेगा।द्वितीय चरण के लिए समूह-अ से श्रेयश कुमार, शिवम् कुमार, गीतांजलि सिंह, बारिश कुमार वर्ग-चार, सपना कुमारी, अदिति रानी वर्ग-तीन वहीँ समूह-ब से सुमित कुमार,लोकेश राज वर्ग-पांच,आयांश भूषण,वीरादित्या,आयुष कुमार,अभिनव कुमार, दिव्यांशु कुमार वर्ग-छः जबकि समूह-स से प्रतिक कुमार सिंह, इशान भूषण, सुबीन रौशन, रोहित राज एवं हर्ष राज को चयनित किया गया।विद्यालय के निदेशक शीतल सिन्हा, प्राचार्य परमानंद ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में ज्ञान के प्रति रुचि, त्वरित निर्णय क्षमता तथा आत्मविश्वास का विकास करती हैं। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में शामिल शिक्षक सीताराम कुमार, सुबोध कुमार,राजेश कुमार, सुनीता कुमारी,हरेराम,परमानन्द सिंह एवं सहयोगी कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की।

# सूखे नशे की लत से बढ़ रही अराजकता,अर्धनग्न अधेड़ ने किया हंगामा

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** रजौली बाजार और आसपास के इलाकों में सूखे नशे की लत अब आम लोगों के लिए सिरदर्द बन गई है। नशे की हालत में कुछ लोग राह चलती महिलाओं से छेड़छाड़ कर रहे हैं, तो कुछ छिनतई और छोटी-मोटी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। वहीं कई लोग आए दिन लड़ाई-झगड़ा कर माहौल खराब कर रहे हैं। शुक्रवार की शाम ड्योढ़ी स्थित मनोहर मेमोरियल हॉस्पिटल के समीप एक अधेड़ नशे में अर्धनग्न अवस्था में जमकर हंगामा किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नशे में धुत अधेड़ ने पहले रास्ते मे चल रही एक महिला का हाथ पकड़ लिया। महिला अपने पति के साथ थी। पति ने जब विरोध किया तो अधेड़ मारपीट पर उतारू हो गया। स्थानीय लोगों के बीच-बचाव करने पर मामला किसी तरह शांत हुआ। लेकिन इसके बाद अधेड़ और उग्र हो गया। वह गली-मोहल्ले के घरों के दरवाजे तक पहुंचकर भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा। लोगों में दहशत फैल गई। स्थिति बिगड़ती देख स्थानीय लोगों ने मदद के लिए डायल 112 पर कॉल किया। सूचना पर डायल 112 की दो गाड़ियों में सवार पुलिस बल मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को संभालने का काफी प्रयास किया, लेकिन नशे में बेकाबू अधेड़ के आगे वे भी नाकाम रहे। काफी देर मशक्कत के बाद पुलिस टीम बिना किसी कार्रवाई के वापस लौट गई। नाम नहीं छापने की शर्त पर एक स्थानीय व्यक्ति ने कहा कि पुलिस आम लोगों की सुरक्षा के लिए होती है, लेकिन मदद के लिए बुलाए गए डायल 112 की दोनों टीमों ने सनकी अधेड़ के आगे घुटने टेक दिए।

स्थानीय लोगों के अनुसार सनकी अधेड़ घसियाडीह मोहल्ले का रहने वाला बताया जा रहा है। घटना के बाद लोग असमंजस में हैं कि अधेड़ वास्तव में पागल है या नशे में इस तरह का व्यवहार कर रहा है। लोगों का कहना है कि इसकी सच्चाई तभी सामने आती जब पुलिस उसे अस्पताल ले जाकर चिकित्सकीय जांच करवाती। यदि डॉक्टर उसे मानसिक रूप से बीमार घोषित करते तो प्रशासन उसके परिजनों की खोज कर इलाज के लिए पागलखाने भेज सकता था। सनकी अधेड़ की हरकतों से नगर के लोग भय में जीने को मजबूर हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नशे के कारोबार पर सख्ती हो और ऐसे उपद्रवियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन चैन से रह सकें।वहीं इस संबंध में थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। पुलिस बल मामले की पड़ताल कर रही है।

# रामलाल इंटर विद्यालय में मनाया मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के लेंगुरा पंचायत अंतर्गत तारगीर स्थित रामलाल इंटर विद्यालय में शुक्रवार को मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत ₹स्व रोजगार और कौशल विकास₹ विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक राणा रणजीत आजाद ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद प्रधानाध्यापक राणा रणजीत आजाद ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है। सिर्फ डिग्री हासिल करने से काम नहीं चलेगा। हर छात्र को अपने अंदर कोई न कोई हुनर विकसित करना होगा ताकि वह आत्मनिर्भर बनकर स्वरोजगार से अपना भविष्य संवार सके। उन्होंने सरकार की विभिन्न कौशल विकास योजनाओं, स्टार्टअप और मुद्रा लोन की जानकारी देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान जरूरी है। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण निबंध, मॉडल निर्माण और पेंटिंग प्रतियोगिता रहे। ₹स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बिहार₹ विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में छात्रों ने अपने विचार कलमबद्ध किए। मॉडल और पेंटिंग के माध्यम से बच्चों ने स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण और कौशल विकास को खूबसूरती से दर्शाया। निबंध प्रतियोगिता में विकास व अरविंद, मॉडल प्रतियोगिता में सलाम,संदीप,रूही व सोनी एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में नाजिया, आशुतोष, संगीता, शशि ने बाजी मारी। कार्यक्रम में साइमा, मोनिका, प्रिया, ब्यूटी, ऋतु, श्वेता, सिंपी, चांदनी, रिया, अदिति, रानी, मुस्कान, नेहा, अंचल, रीफा, गुलाबजा, जिया सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर हौसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाध्यापक ने सभी विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में रचनात्मकता के साथ-साथ रोजगार के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होती है। विद्यालय परिवार का लक्ष्य है कि हर छात्र अपने पैरों पर खड़ा हो। कार्यक्रम के मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और अभिभावक उपस्थित रहे। वही पूरे कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक द्वारा किया गया।

# अपार आईडी निर्माण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई, निजी विद्यालयों को जिला पदाधिकारी की सख्त चेतावनी

लोक तंत्र की आवाज

**नवादा।** आज दिनांक 04 जुलाई 2026 को समाहरणालय, नवादा के सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश की अध्यक्षता में जिले के सभी निजी विद्यालयों के संचालकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यार्थियों के अपार आईडी निर्माण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला पदाधिकारी ने सभी निजी विद्यालयों के संचालकों को निर्देश दिया कि उनके विद्यालयों में अध्ययनरत प्रत्येक छात्र-छात्रा का अपार आईडी समयबद्ध तरीके से शत-प्रतिशत बनाया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अपार आईडी प्रत्येक विद्यार्थी की डिजिटल शैक्षणिक पहचान है, जिसके माध्यम से उसके शैक्षणिक अभिलेखों का सुरक्षित एवं व्यवस्थित संधारण संभव होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि विद्यालय स्तर पर अभिभावकों के साथ बैठक आयोजित कर उन्हें अपार आईडी की आवश्यकता, उपयोगिता एवं निर्माण प्रक्रिया की जानकारी दी जाए। साथ ही आवश्यक सहमति एवं अभिलेख प्राप्त कर सभी विद्यार्थियों का अपार आईडी प्राथमिकता के आधार पर बनाया जाए। सभी विद्यालय संचालक प्रतिदिन इसकी प्रगति की समीक्षा करें तथा सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र छात्र-छात्रा अपार आईडी से वंचित न रहे। बैठक के दौरान शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने कक्षा 01 से 03 तक के विद्यार्थियों की पढ़ने, लिखने एवं गणित की बुनियादी दक्षताओं का नियमित आकलन कराने तथा प्रत्येक विद्यालय में कक्षावार निपुणता पंजी का संधारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने टोला सेवकों एवं विकास मित्रों के माध्यम से ईंट-भट्ठों पर कार्यरत प्रवासी मजदूर परिवारों के 03 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का सर्वेक्षण कर उनका विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा की मुख्यधारा से वंचित न रहे।





बैठक में जानकारी दी गई कि जिले के 21 विद्यालयों का चयन पीएम श्री योजना के अंतर्गत किया गया है, जिन्हें अत्याधुनिक संसाधनों से विकसित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिले के सभी 14 प्रखंडों में एक-एक मॉडल विद्यालय चिन्हित किया गया है, जहाँ विभागीय स्तर पर आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी। गुणवत्तापूर्ण एवं उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में चार अतिरिक्त मॉडल विद्यालय भी चिन्हित किए गए हैं। पाठ्य-पुस्तकों की उपलब्धता की समीक्षा के दौरान बताया गया कि कक्षा 01 से 08 तक के विद्यार्थियों के लिए कुल 2,53,866 पाठ्य-पुस्तकें सभी प्रखंड संसाधन केंद्रों को उपलब्ध करा दी गई हैं तथा शेष 35,397 पुस्तकों की अधियाचना विभाग को भेजी जा चुकी है। जिला पदाधिकारी ने सभी बच्चों को समय पर पाठ्य-पुस्तक उपलब्ध कराने तथा वितरण से संबंधित प्रमाण-पत्र निर्धारित समय-सीमा के भीतर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मध्याह्न भोजन योजना की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मध्याह्न भोजन) को निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में विद्यालयों में मध्याह्न भोजन बाधित नहीं होना चाहिए। सभी विद्यालयों में निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए तथा इसकी नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए।

बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत अपार आईडी निर्माण सुनिश्चित नहीं करने अथवा इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले निजी विद्यालयों के विरुद्ध बिहार सरकार के नियमों एवं मान्यता संबंधी प्रावधानों के अनुरूप नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर संबंधित विद्यालय की मान्यता अथवा स्वीकृति रद्द करने की कार्रवाई भी की जा सकती है। बैठक में उप विकास आयुक्त, नवादा, प्रशिक्षु आईएएस, नवादा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मध्याह्न भोजन), कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा), सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के अन्य संबंधित पदाधिकारी तथा जिले के सभी निजी विद्यालयों के संचालक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### दो स्कूली वाहनों का चालान, एक सीज



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता

हरदोई ।मिशन सेफ फ्यूचर' अभियान के तहत परिवहन विभाग ने स्कूली वाहनों की जांच अभियान तेज कर दिया है। शनिवार को 15 स्कूली वाहनों की जांच के दौरान दो अनफिट वाहनों का चालान किया गया, जबकि स्कूल वाहन के रूप में संचालित एक निजी वाहन को सीज कर दिया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) ने बताया कि अभियान के तहत परिवहन विभाग की प्रशासन एवं प्रवर्तन शाखा संयुक्त रूप से कार्रवाई कर रही है। विभागीय कर्मचारी विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर वाहनों का भौतिक निरीक्षण कर रहे हैं तथा फिटनेस, परमिट, बीमा और प्रदूषण प्रमाणपत्रों की जांच कर वाहन स्वामियों को दस्तावेज वैध कराने के लिए प्रेरित कर रहे हैं ।एआरटीओ ने बताया कि 8 से 15 जुलाई तक पुलिस और परिवहन विभाग संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाएंगे। इस दौरान बिना परमिट, बिना फिटनेस, बिना बीमा, बिना प्रदूषण प्रमाणपत्र अथवा अन्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन कर स्कूली बच्चों का परिवहन करने वाले स्कूल एवं निजी वाहनों के विरुद्ध चालान और निरुद्ध (सीज) की कार्रवाई की जाएगी।

### लखनऊ में अग्निकांड जारी, खुर्रमनगर में पेट्रोल पंप के पास कैंटीन में लगी आग; टला बड़ा हादसा



लोक तंत्र की अवाज़
रत्ना

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में अलीगंज के व्यावसायिक भवन में 22 जून को आग लगने का सिलसिला शुक्रवार तक जारी है। अलीगंज के बाद चिनहट के कोल्ड स्टोरेज व स्टे होम और विकास नगर में दुकान के बाद शुक्रवार को खुर्रमनगर में आग लगने से खलबली मच गई ।खुर्रमनगर में पेट्रोल पंप के पास कैंटीन में आग लगने से खलबली मच गई। दिन की इस घटना की फायर ब्रिगेड को तत्काल सूचना दी गई। कैंटीन से पेट्रोल पंप की दूरी सिर्फ 25-30 मीटर होने के कारण बड़ा खतरा था पेट्रोल पंप के पास कैंटीन में आग लगने की सूचना पर दमकल टीम तुरंत पहुंची और दमकल कर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पाया। पेट्रोल टंकी के पास बनी कैंटीन में लगी आग पर अगर तुरंत काबू न तो पाता जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### सपा के नेता राजेन्द्र चौधरी सिविल अस्पताल से लोहिया संस्थान शिफ्ट, विशेषज्ञों की देखरेख में हो रहा इलाज



लोक तंत्र की अवाज़
रत्ना

लखनऊ। अखिलेश और मुलायम सिंह यादव सरकार में मंत्री रहे राजेन्द्र चौधरी की शुक्रवार को तबीयत अचानक खराब हो गई। 77 वर्षीय चौधरी को बेहोशी की हालत में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल लाया गया। इमरजेंसी वार्ड में जांच में पता चला कि उनको भयंकर हार्ट अटैक पड़ा है एवं उनको कार्डियक अरेस्ट हो गया है ।निदेशक एसपीएम सिविल हॉस्पिटल लखनऊ, डॉ. जीपी गुप्ता ने बताया कि राजेन्द्र चौधरी को तुरंत ईएमओ कार्डियक मसाज करते हुए आईसीयू में ले आए। वहां डॉ. राजेश श्रीवास्तव कार्डियोलॉजिस्ट ने तुरंत कार्डियो-पल्मोनरी रिससिटेशन किया और क्रिटिकल मैनेजमेंट टीम के डॉ. एसके सिंह ने बेहोशी की हालत से उबारा। उनकी सांस बंद हो गई थी और उनको तत्काल वेंटिलेटर पर रखा गया। इसके बाद तुरंत लोहिया संस्थान के कार्डियोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. भुवनचन्द्र तिवारी को सिविल अस्पताल में बुलाया गया।

### हरदोई शाहाबाद में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का भव्य स्वागत, गौमाता को 'राज्यमाता' घोषित करने का दिलाया संकल्प



लोक तंत्र की आवाज

हरदोई/शाहाबाद। 81 दिवसीय गविष्टि गो-रक्षार्थ-धर्मयुद्ध यात्रा के तहत शनिवार को के शाहाबाद पहुंचने पर हजारों श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं और पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया। पूरे नगर में धार्मिक उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर शंकराचार्य ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए गौ-संरक्षण का संदेश दिया और संकल्प दिलाया कि गौमाता को पशु सूची से हटाकर 'राज्यमाता' का दर्जा दिलाने के लिए जनजागरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार को गौमाता को संवैधानिक सम्मान देते हुए 'राज्यमाता' घोषित करना चाहिए। शंकराचार्य की यात्रा लखीमपुर से शाहाबाद पहुंची, जहां स्वागत समारोह के बाद उनका काफिला सवायजपुर के लिए रवाना हुआ। यात्रा के दौरान गौ-संरक्षण, भारतीय संस्कृति और गौमाता के सम्मान को लेकर लोगों से व्यापक जनसमर्थन जुटाने का आह्वान किया गया।

# उत्तरप्रदेश में पुनः बनेगी आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन सरकार :चन्दन चौहान



**लोकतंत्र की आवाज**

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

**बिजनौर।** नजीबाबाद विधानसभा में भाजपा नेत्री लीना सिंघल के जनसंपर्क कार्यालय पर पधारे लोकसभा बिजनौर के सांसद चंदन चौहान का भाजपा कार्यकर्ताओं ने लीना सिंघल के नेतृव में भव्य स्वागत किया इस अवसर पर नगर पालिका सभासद इंदु राजपूत महिला मोर्चा अध्यक्ष मनीषा सैनी मंडल उपाध्यक्ष गायत्री निराला क्षेत्र पंचायत सदस्य कपिल चौधरी शुभम राजपूत धर्मेंद्र कश्यप कोमल सिंह हल्दिया इंजीनियर बीपी सिंह शिवकुमार जोशी शशि वाला आकाश रघुवंशी राजकुमारअरुण चौधरी अनुराधा चौधरी अंजू कुमारी आदि साथी उपस्थित थे इस अवसर पर सांसद चंदन चौहान ने सभी कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की जीत के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आवाहन किया।

चंदन चौहान ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश का सर्वांगीण विकास हुआ है तथा गुंडाराज का खत्म हो गया है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की नीति पर कार्य कर रहे हैं और समाज के सभी वर्गों के लिए एक भाव से उनके उत्थान के लिए कार्यरत हैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी सभी धर्म का सम्मान करते हुए बिना किसी भेदभाव के कार्य कर रहे हैं और सरकार की प्रत्येक नीति और योजना सभी धर्म और वर्गों के लिए बना रहे हैं आज विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है और वह नेतृत्व विहीन है उन्होंने कहा कि हमारा गठबंधन बहुत मजबूत है और एक दूसरे के विश्वास पर टिका हुआ है तथा भविष्य में भी हम सब मिलजुल कर आगामी विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करेंगे और प्रदेश में दोबारा सरकार बनाएंगे चंदन चौहान ने भाजपा की पूर्व क्षेत्र मंत्री और बिजनौर लोकसभा की सह प्रभारी लीना सिंघल और सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का 2024 के लोकसभा चुनाव में मदद करने के लिए आभार जताया इस अवसर पर विष्णु कुशवाहा सुमित सैनी शोभित सैनी गीता बल सुजाता रणवीर निराला विजयपाल सैनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे स्वागत कार्यक्रम का सफल संचालन राजन राजपूत ने किया।

# बिजनौर युवक की जेब में रखा मोबाइल फटा



**लोकतंत्र की आवाज**

**रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह**

**किरतपुर।** नगर के एक मार्बल शोरूम में शुक्रवार दोपहर उस समय बड़ा हादसा टल गया, जब काम के दौरान एक युवक की जेब में रखा मोबाइल फोन अचानक तेज गर्म होकर फट गया। युवक ने सूझबूझ दिखाते हुए मोबाइल को तुरंत जेब से बाहर फेंक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलसने से बच गया।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और शोरूम में मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार, ग्राम गोविंदपुर निवासी अंकित कुमार गांधी वाटिका के पीछे स्थित दीप मार्बल शोरूम में टाइल्स लगाने का कार्य कर रहे थे। दोपहर के समय उन्हें अपनी पैंट की जेब में रखे रेडमी कंपनी के मोबाइल से अचानक तेज गर्माहट महसूस हुई। शुरूआत में उन्होंने इसे सामान्य समझा, लेकिन कुछ ही क्षणों में जलन बढ़ने लगी। अंकित ने तुरंत जेब में हाथ डालकर देखा तो मोबाइल अत्यधिक गर्म हो चुका था और उसमें से धुआं निकलने लगा था। खतरे को भांपते हुए उन्होंने बिना देर किए मोबाइल को जेब से निकालकर जमीन पर फेंक दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जमीन पर गिरते ही मोबाइल में आग लग गई।

यह दृश्य देखकर शोरूम में मौजूद कर्मचारियों और आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। हालांकि अंकित की सतर्कता के कारण कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और उन्हें गंभीर चोट नहीं आई। घटना के बाद सभी ने राहत की सांस ली। इस घटना ने मोबाइल बैटरियों की सुरक्षा और गुणवत्ता को लेकर लोगों की चिंता बढ़ा दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि मोबाइल असामान्य रूप से गर्म होने लगे, बैटरी फूल जाए या उसमें से धुआं आने लगे तो उसका उपयोग तुरंत बंद कर देना चाहिए।

# बिजनौर रोड़ पर हनुमंत नगर कालोनी में सोने-चाँदी के जेवरात सहित नगदी हुई चोरी

**लोकतंत्र की आवाज**

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

**बिजनौर।** जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में शातिर चोर दिन भर बन्द घरों की रेकी करके उन्हें चिन्हित कर, रात्रि में उन घरों का शिकार निडरता से करके लूटपाट/चोरी करके लाखों की छति पहुंचाते है। यदि किसी घर में सुरक्षा हेतु तीसरी नजर सीसीटीवी कैमरे लगे होते हैं, तो उनके घरों से डीवीआर तक उठा ले जाते हैं जिससे कोई निशान देही न मिल पाये।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नटकुर पुलिस चौकी के आगे स्कूटर्स इन्डिया रोड़ पर बने हनुमान मंदिर के सामने हनुमंत नगर में धवरिया कोपागंज, जनपद मऊ निवासी मिथलेश कुमार सिंह मकान बनाकर रहते है। पीड़ित अपने परिवार सहित कार्यवश 30 जून को गृह जनपद मऊ गया हुआ था। बृहस्पतिवार की रात्रि में पड़ोसी अजेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा फोन पर सूचना दी गयी कि आपकी छत का दरवाजा तेजी से बज रहा है।

पीड़ित चोरी होने की आशंका से रात्रि में ही मऊ से लखनऊ के लिए प्रस्थान किया। घर पहुंचने पर अन्दर गया तो कमरों के ताले टूट पड़े थे तथा आलमारी का सामान बिखरा हुआ था, जिसमें रखे लगभग दस लाख के सोने चांदी के आभूषण सहित तीन हजार रुपये की नगदी चोरी हो गयी थी। चोरों से घर की सुरक्षा हेतु लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद न हो पाएँ, चोर डीबीआर भी चोरी करके उठा ले गये। पीड़ित ने फोन द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी पुलिस ने छानबीन की कार्यवाही शुरू कर दी है। पीड़ित द्वारा थाना बिजनौर में चोरी की घटना की तहरीर दे दी गयी है।

# देवबंदः जानलेवा हमले के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग, भीम आर्मी ने सीओ की गैर मौजूदगी में पेशकर को सौंपा ज्ञापन

**लोक तंत्र की आवाज**

**असद सिद्दीकी**

**देवबंद।** थाना देवबंद क्षेत्र के ग्राम बॉसतम निवासी श्रीमती प्रियंका, पत्नी सोनू कुमार ने भीम आर्मी के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी (सीओ) देवबंद के गैर मौजूदगी में पेशकर को एक ज्ञापन सौंपकर अपने देवर दीपक पर हुए कथित जानलेवा हमले के मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि घटना के बाद भी पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़ित पक्ष ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर हमलावरों के विरुद्ध शीघ्र कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।



इस दौरान भीम आर्मी पदाधिकारियों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन व्यापक जन आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

■ **मामले की निष्पक्ष जांच कर हमलावरों के विरुद्ध शीघ्र कानूनी कार्रवाई की जाए**

ज्ञापन सौंपने के दौरान भीम आर्मी के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र लंबा, रमेश राज गौतम, मनीष सरकार, अजीत बाबरे, फरमान अली, कारी नौशाद, विपुल जवालिया, अंकुर, सागर प्रधान, कुलदीप प्रधान, विशाल, दीन मोहम्मद तथा महिला तहसील अध्यक्ष किरण चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

(नोटः पुलिस प्रशासन की ओर से इस मामले में समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी थी।)


# बिजनौर : पिंजरे में कैद हुआ गुलदार, दहाड़ से भयभीत हुए स्थानीय लोग

**लोकतंत्र की आवाज**

**रिपोर्ट रोहित कुमार**

**झालू।** गुलदार के भय व दहशत के कारण ग्रामीणों को कृषि कार्य करने में आ रही भारी दिक्कत। हसनपुर जट्ट में पिछले काफी दिनों से गुलदार देखा जा रहा था जिसको पकड़ने के लिए ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगाने की गुहार लगाई थी। लगाए पिंजरे में बीती रात्रि फंसा गुलदार ग्रामीणों ने ली राहत भरी सांस।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर जट में पिछले काफी दिनों से गांव के इर्द-गिर्द गुलदार देखा जा रहा था जिसके कारण ग्रामीणों में भय व दहशत का माहौल बना हुआ था। जिसको पकड़ने के लिए ग्रामीणों ने वन विभाग से गुहार लगाई थी जिसके आधार पर वन विभाग ने



शुक्रवार को दोपहर के बाद गांव के निकट गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया था जिस पिंजरे के अंदर गुलदार को लालच देने के लिए कुत्ते को बंद भी किया गया था।

बीती रात्रि अचानक से पिंजरे के अंदर गुलदार फस गया और दहाड़ लगने लगा जिसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। बताते चलें कि गुलदार इससे पूर्व गांव के कई देसी कुत्तों को अपना निवाला बन चुका है। नितीश कुमार डिप्टी ने बताया कि गुलदार को सकुशल वन विभाग ने अपने कब्जे में ले लिया है उन्होंने पकड़े गए गुलदार की उम्र लगभग 4 वर्ष बताई।

नीतीश कुमार ने बताया कि यदि किसी को भी गुलदार दिखाई देता है तो उसकी सूचना वन विभाग को दिन विभाग उसको पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने का कार्य करेगा।

वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों का कहना है कि जो गुलदार पिंजरे में फंसा है यह तो बहुत छोटा है जो गुलदार गांव के आसपास देखा जा रहा है वह बहुत काफी बड़ा है जिस कारण किसान जंगल में जाने से कतरा रहे हैं और उन्हें अपनी जान का खतरा लगातार बना हुआ है।


# बिजनौर में महाशिवरात्रि पर्व और कांवड़ यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित

**लोकतंत्र की आवाज**

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

**बिजनौर।** जनपद बिजनौर में आगामी श्रावण मास की महाशिवरात्रि पर्व और कांवड़ यात्रा के सफल आयोजन के लिए कानून-व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ यह बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने हेतु कई निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कांवड़ मार्गों का भौतिक सत्यापन कर क्षतिग्रस्त हिस्सों की समय पर मरम्मत की जाए। यात्रा अवधि के दौरान यातायात व्यवस्था को निर्बाध रखा जाए।



आवश्यकतानुसार शिवालयों के समीप स्पीड ब्रेकर बनवाए जाएं और ट्रैफिक साइनेज लगाए जाएं। मार्ग पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। मार्ग में पड़ने वाले जर्जर विद्युत पोल और तारों को तत्काल ठीक करने तथा विद्युत पोल की टेपिंग कराने को कहा गया। कांवड़ मार्ग पर स्थित सभी ढाबों और रेस्टोरेंट के बाहर रेट लिस्ट प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए। यात्रा अवधि में नॉन-वेज रेस्टोरेंट बंद रखे जाएंगे। इस मौके पर एसपी अभिषेक झा ने कहा कि रूट व्यवस्था व डायवर्जन प्लान के संबंध में सभी संबंधित पक्षों से समन्वय स्थापित किया जाए। बल स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस तैनात किया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) देवेंद्र पाल सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा सहित समस्त उप जिलाधिकारी, बीडीओ व पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिजनौर के मंडावर में विद्युत करंट की चपेट में आने से तीन सूअरो की मौत

**लोकतंत्र की आवाज**

**रिपोर्ट पायल कुमारी**

**मंडावर।** क्षेत्र के गांव में विद्युत करंट की चपेट में आकर तीन - सूअरों की मौत हो गई ओर एक झुलस गया। सूचना पर पहुंची मंडावर पुलिस ओर विधुत विभाग के कर्मचारियो ने घटना की जानकारी ली।

शुक्रवार की सुबह ग्यारह बजे के करीब गाँव भोजपुर - निवासी मांगेराम की पत्नी रवीना जंगल से सूअर चूगाकर अपने घर लौट रही थीं। जैसे ही वह गाँव मे बबलू की दुकान के पास पहुंची - तभी चार सूअर वहां खड़े एल टी लाईन के विधुत पोल से जमीन पर बंधे अर्थ के तार में उतरे करंट की चपेट में आ गए। जिसमे तीन सूअरों की मौत हो गई ओर एक गंभीर रूप से झुलस गया शोर



सुनकर महिला का ससुर किशन व ग्रामीण मोके पर पहुचे ओर सूअरों को बचाने का प्रयास किया जिसमे किशन व रवीना को भी करंट लग गया।

सूचना पर विद्युत विभाग की टीम व मंडावर पुलिस मोके पर पहुंची ओर तार को कटवाते हुए घटना की जानकारी ली। सूअर स्वामी ने विधुत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया ओर मुआवजे की मांग की। फजलपुर विधुत केंद्र के जई ने उन्हें उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।

# देवबंद में भारतीय किसान यूनियन (टिकैट) महिला मोर्चा की ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में चलाया गया सदस्यता अभियान

**लोक तंत्र की आवाज**

**असद सिद्दीकी**

**देवबंद।** नगर के मौहल्ला कोहला बस्ति के निकट भारतीय किसान यूनियन (टिकैट) की महिला मोर्चा कि ब्लॉक अध्यक्ष रूबीना आज़ाद के नेतृत्व में उनके निवास पर एक विशेष सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठन की मजबूती के लिए कई महिलाओं को भारतीय किसान यूनियन की विचारधारा से जोड़ा गया और उन्हें संगठन की प्राथमिक सदस्यता दिलाई गई।

ब्लॉक अध्यक्ष रूबीना आज़ाद ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और कृषि आंदोलन में उनकी





भागीदारी को बढ़ाना है ।सदस्यता ग्रहण अभियान के तहत उपस्थित कई महिलाओं ने भारतीय किसान यूनियन (टिकैट) की नीतियों में अपनी आस्था जताई और संगठन की सदस्यता ग्रहण की। महिला पदाधिकारियों ने नई सदस्यों को संगठन का बैज लगाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) महिला मोर्चा कि ज़िलाध्यक्ष रेखा बालियान ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसान आंदोलन में महिलाओं का योगदान हमेशा से अहम रहा है। उन्होंने महिलाओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने की अपील की ।कार्यक्रम में ब्लॉक रूबीना आजाद भाकयू टिकैत कि महिला मोर्चा कि ज़िलाध्यक्ष रेखा बालियान असमा, शबाना, नुशरत, हुस्न जहाँ, शाहिना, प्रदेशध्यक्ष चौधरी राजपाल, तहसील अध्यक्ष चौधरी पहल सिंह, मंडल उस्मान मलिक मीडिया प्रभारी, बबलू, जिला मीडिया प्रभारी, चौधरी भांग सिंह, चौधरी रणजीत सिंह, आफाक कुरैशी, सत्तार गौर, मसाहिर गौर, आदि भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत निकाला प्रतिरोध मार्च



लोकतंत्र की आवाज
समस्तीपुर। राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत भाकपा (माले) जिला कमिटी के वैनर तले माले जिला कार्यालय से शहर में इन्काउन्टर राज, बुलडोजर राज,फर्जी मुठभेड़, पुलिस दमन,लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमलों एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों का पक्षपोषण के खिलाफ प्रतिरोध मार्च निकाला गया। प्रतिरोध मार्च शहर के स्टेशन चौक पर जा सभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए माले जिला सचिव प्रो उमेश कुमार ने कहा कि राज्य में बेलगाम होती पुलिस लगातार बेगुनाहों पर ज़ुल्म ढाह रही है। बिहार के मुख्यमंत्री पुलिस को कह रहें हैं कि गमछा देखो और जाति पुछो और गोली मारो। फलस्वरूप पुलिस के चपेट दलित,महादलित,मुस्लिम अल्पसंख्यक ही आ रहें हैं। सभा को जिला कमिटी सदस्य कॉ.ललन कुमार,सुरेन्द्र प्रसाद सिंह,अनिल चौधरी,खुर्शीद खैर, रामविनय पासवान,दीपक यदुवंशी,आफताब अंसारी, कुंदन कुमार,अंशु कुमार,सौरभ कुमार आदि ने सम्बोधित किया।

### डिग्री कॉलेज को लेकर विभाग नहीं दे रहा संतुष्ट जवाब:-बबलू यादव



लोकतंत्र की आवाज
हसनपुर/समस्तीपुर। प्रखंड मुख्यालय में सरकारी डिग्री कॉलेज की मांग को लेकर शिक्षा विभाग ने पत्रांक 222/ 10.02.2026 का हवाला दिया है कि हसनपुर में डिग्री कॉलेज है,लेकिन न तो उस पत्र की प्रतिलिपि प्रदान की जा रही है और न ही धरातल पर कोई कॉलेज मौजूद है। जिसको लेकर हसनपुर प्रखंड अंतर्गत भटवन पंचायत के बल्हपुर निवासी समाजसेवी एवं राजद नेता राकेश कुमार यादव उर्फ बबलू यादव ने बताया कि 2 लाख से अधिक आबादी वाले इस क्षेत्र में आज तक कोई सरकारी डिग्री कॉलेज नहीं चला है,जिसके कारण हजारों छात्र–छात्राएं समस्तीपुर या रोसड़ा जाकर पढ़ाई करते हैं। बबलू यादव ने आरोप लगाया कि विभाग पत्रांक 222 की प्रमाणित प्रति नहीं दे रहा है और उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर भी इसका कोई सबूत नहीं है। उन्होंने सरकार को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि पत्र और कॉलेज का भौतिक पता न मिलने पर वे आरटीआई के तहत सूचना मांगेंगे और छात्रों के साथ मिलकर आंदोलन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि हसनपुर के बच्चों के साथ धोखा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और डिग्री कॉलेज का हक जमीन पर होना चाहिए।

### गरीब और साधारण घरों पर टैक्स न लगे : श्री राजेश मिश्रा राजेश मिश्रा जिला अध्यक्ष मुंगेर कांग्रेस पार्टी



लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट अनोज कुमार सिंह ब्यूरो चीफ
मुंगेर । जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष श्री राजेश मिश्रा जी ने बताया कि दस हज़ार लेकर वोट बेचने वालों से अब वसूली शुरू हो रही है। राज्य की हालत ख़स्ता है। पैसा कहाँ से आएगा? जग्गी वासुदेव को श्मशान घाट सौंप कर लोगों को वहां तक पहुँचाने का रोड मैप तैयार है। एक अत्यंत ग़रीब राज्य वोट बेचने की क़ीमत चुका रहा है। एक्सप्रेस वे की फ़ोटो चमका कर विकास का भ्रमजाल बिछाया जा चुका है। टैक्स ही देते रहिए। ग़रीबों को इससे अलग किया जाए। ग़रीब और साधारण घरों पर टैक्स न लगे। एक ख़ास आकार के घरों पर टैक्स लगे लेकिन सरकार बदले में उन घरों में क्या देगी? क्या गाँवों में ड्रेनेज सुविधा देने जा रही है? आज इसकी ज़रूरत हो गई है।

### सड़क दुघर्टना से दहला पीरपैंती



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती में लगातार हो रहे सड़क दुर्घटना से दहला। ना जाने किसकी नजर पीरपैंती को लगी है। शेरमारी बाजार निवासी आचार्य बिनोद कुमार सिंह सड़क दुघर्टना में गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने इलाज के लिए पीरपैंती रेफरल अस्पताल लाया। जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर चिकित्सा के लिए भागलपुर रेफर कर दिया। वही दूसरी ओर स्कूटी सवार अंकित कुमार, शिवम कुमार, अंशु कुमार को फोरव्हिलर ने घक्का मार दिया। अंकित कुमार के शीर में गंभी चोट लगी है। तीनों को भागलपुर रेफर किया गया है।

# जिला स्तरीय 65वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता अंडर 15 बालक वर्ग में राजमहल बना विजेता तो बोरियो की टीम बनी उपविजेता




लोकतंत्र की आवाज़

**साहिबगंज।** जिला स्तरीय 65वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के अंडर 15 बालक वर्ग का आयोजन सिदो कान्हु स्टेडियम ,साहेबगंज में किया गया ,जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों की टीमों ने भाग लिया एवं शानदार खेल भावना का परिचय दिया। जिला शिक्षा अधीक्षक उर्मिला हांसदा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल किक कर मैच प्रारंभ कराया।

नाक आउट प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में राजमहल की टीम ने पतना एवं दूसरे सेमीफाइनल में बोरियो ने उधवा को पराजित किया।

वहीं फाइनल में संत जान मुंडली उच्च विद्यालय, राजमहल पुलिस लाइन उत्क्रमित उच्च विद्यालय , बोरियो की टीम के बीच रोमांचक मैच रहा समय अवधि तक दोनों टीम 0-0 बराबरी पर रही। पेनल्टी में 4-3 से संत जान मुंडली उच्च विद्यालय राजमहल विजेता बना। समापन समारोह के अवसर पर जिले की नवपदस्थापित जिला शिक्षा अधीक्षक उर्मिला हांसदा का जिले के सभी शारीरिक शिक्षकों की ओर से गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक ने जिले के सभी शारीरिक शिक्षकों से जिले में खेल गतिविधियों के विकास एवं सुधार को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किए। उन्होंने आश्वासन दिया कि खेल व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक पहल की जाएगी, ताकि आने वाले समय में जिले और प्रमंडल स्तर पर खेल का माहौल और सशक्त हो सके।

अपने संबोधन में उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को शुभकामनाएं देते हुए आगे प्रमंडल स्तर पर जिले का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी।

इस मौके पर जिला खेल प्रभारी सबनम तबस्सुम , खेल शिक्षक बीरेंद्र कुमार, आदित्य कुमार,राकेश कुमार, संजय सिंहा,चंद्रकांत गौतम,दीपक सिंह, धर्णीकांत, पाउलुष सोरेन, बाबूराम सरकार,खुर्शीद आलम, दिवाकर दुबे,सुजीत मल्लिक,सुनील किस्कू, मेरी अन्ना, मीरु सोरेन,बमबम कुमार, मुख्य रेफरी अनिल टुडू, एथलेटिक्स कोच योगेश यादव समेत अन्य आदि मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक महोदय मुंगेर सैयद इमरान मसूद सर आपका जीवन उत्तम स्वास्थ्य ,दीर्घायु, सुख समृद्धि से परिपूर्ण हो जन्मदिन की शुभकामना : सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश कुमार तोमर उर्फ चंचल सिंह



लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट अनोज कुमार सिंह ब्यूरो चीफ**
**धरहरा , मुंगेर ।** सामाजिक कार्यकर्ता भलार ग्राम के निवासी मुकेश कुमार तोमर उर्फ चंचल सिंह ने मुंगेर जिले के माननीय पुलिस अधीक्षक (SP) श्री सैयद इमरान मसूद सर को जन्मदिन के शुभ अवसर पर अवसर पर दि हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई।

समाजसेवी मुकेश कुमार तोमर उर्फ चंचल कुमार सिंह ने ईश्वर से प्रार्थना है कि आपका जीवन उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, सुख, समृद्धि और निरंतर सफलता से परिपूर्ण रहे। आप अपने कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार एवं जनसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व से मुंगेर जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, अपराध नियंत्रण तथा आमजन में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण स्थापित करने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

समाज सेवी (सामाजिक ) कार्यकर्ता मुकेश कुमार तोमर उर्फ चंचल सिंह ने कहा पुलिस अधीक्षक महोदय मुंगेर सैयद इमरान मसूद सर आपका नेतृत्व हमारे प्रेरणा ,आपका सेवा हमारी सुरक्षा, आपकी सफलता हम मुंगेर बासिओ का गर्व ,आपका सम्मान हम सभी मुंगेर जिला वासियों का सौभाग्य जन्मदिन की आपको अनंत शुभकामनाएं समस्त मुंगेर जिला वासियों के तरफ से !

मुकेश कुमार तोमर उर्फ चंचल सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मुंगेर श्री सैयद इमरान मसूद सर आपका नेतृत्व, प्रशासनिक दक्षता, निष्पक्ष कार्यशैली और जनता के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। आपके मार्गदर्शन में मुंगेर पुलिस निरंतर उत्कृष्ट कार्य करते हुए जनसेवा के नए आयाम स्थापित करे तथा जिले का सर्वांगीण विकास और शांति-व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो यही हमारी शुभ मंगलकामना है।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए स्वामी विवेकानंद



लोकतंत्र की आवाज
**समस्तीपुर।** अखिल भारतीय सवर्ण मोर्चा शाखा के द्वारा महान राष्ट्र चिंतक,आध्यात्मिक, चेतना के अग्रदूत एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानन्द जी की पुण्यतिथि शहर के सोनवारसा चौक पर मनाई गई। अध्यक्षता सवर्ण के जिलाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद सिंह ने की। अपने संबोधन में अध्यक्ष ने उन्हें महान देशभक्त,युवाओं के प्रेरणादायक बताया। आज के युवाओं को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए,आज के राजनितिक क्षेत्र मे इनका अलग महत्व है। वहीं लोगों ने उन्हें श्रद्धांसुमन अर्पित किया। मौके पर किशोरी प्रसाद सिंह,डॉ.आरके दिवाकर, सुधाकर सिंह,प्रभाकर कुमार, राम संजीवन पाण्डेय,राजन सिंह,वनवारी प्रसाद,डॉ.चंद्र प्रकाश,शिव चंद्र सिंह,कृष्ण कांत झा,कृष्ण मोहन चौधरी,हरे राम सिंह,संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट संगठन की कार्यकारिणी बैठक

लोकतंत्र की आवाज़



**साहिबगंज।** जिला केमिस्ट एंड ड्रगीस्ट संगठन की कार्यकारिणी बैठक शनिवार को जिला परिषद परिसर स्थित संगठन के जिला कार्यालय में संगठन के जिला अध्यक्ष अनूप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कई बिंदु पर विस्तार पूर्वक चर्चाएं हुई। मुख्य रूप से बैठक में संगठन का वार्षिक सदस्यता अभियान पूरे जिले में चलाए जाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा संगठन को पूरे जिले में विस्तार करने का निर्णय लिया गया ।

इस संबंध में जिला अध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि जिले में 10 जुलाई से सदस्यता अभियान की शुरुआत होगी जिसे लेकर दो टोली बनाई गई है। जिसमें एक टोली बरहरवा कोटलपोखर उड़वा राजमहल के विभिन्न क्षेत्रों में सदस्यता अभियान की शुरुआत होगी तो वहीं साहिबगंज मिर्जा चौकी मंडरो तालझारी महाराजपुर सकरीगली तीन पहाड़ सहित अन्य स्थानों में दूसरी टोली सदस्यता अभियान चलाएंगी। इधर जिला सचिव कृष्ण प्रसाद भगत ने बताया कि जिले के सभी दवा व्यवसाय संगठन के सदस्यता अभियान में जोड़ शोर के साथ जुड़े। जिले के सभी दवा व्यापारी संगठन के दिशा निर्देश पर अपने प्रतिष्ठान पर कार्य करें।

साथ ही सरकार की हर दिशा निर्देश का पालन करते हुए निर्भीक होकर अपना व्यवसाय करें। उक्त मौके पर जिला अध्यक्ष अनूप कुमार सिंह जिला सचिव कृष्ण प्रसाद भगत उपाध्यक्ष नवल किशोर मंडल सहसचिव महेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार कार्यकारिणी सदस्य चंदन योगी दीप नारायण कुशवाहा सुनील महतो गौरव रामेश्वरम वसीम अंसारी के अलावे अन्य सदस्य मौजूद थे।

# डॉ. उदय शंकर को इंडियन आइकन अवार्ड 2026 एवं राधा डेंटल केयर मुंगेर को मिला मोस्ट ट्रस्टेड क्लीनिक सम्मान

लोकतंत्र की आवाज




**अनोज कुमार सिंह ब्यूरो चीफ**
**मुंगेर ।** राधा डेंटल केयर, मुंगेर के निदेशक सह मुख्य चिकित्सक डॉ. उदय शंकर को इंडियन आइकन अवार्ड 2026 तथा राधा डेंटल केयर, मुंगेर को मोस्ट ट्रस्टेड क्लीनिक अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान गुड़गांव स्थित लेमन ट्री होटल में एसीएस द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में 1983 क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम के सदस्य एवं पूर्व भारतीय क्रिकेट चयन समिति के अध्यक्ष श्री संदीप पाटिल के हाथों प्रदान किया गया।

डॉ. उदय शंकर अपनी माता श्रीमती राधा देवी के अस्वस्थ होने के कारण समारोह में स्वयं उपस्थित नहीं हो सके। उनके स्थान पर उनके ममेरे भाई श्री अशोक कुमार ने यह सम्मान प्राप्त किया। डॉ. उदय शंकर को यह सम्मान गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा सेवाओं के साथ-साथ पिछले 12 वर्षों से निरंतर दंत स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। उन्होंने बिहार के विभिन्न जिलों में अब तक 600 से अधिक दंत चिकित्सा जागरूकता व्याख्यान, जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित कर हजारों लोगों को मौखिक एवं दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया है। एसीएस की राष्ट्रीय चयन समिति ने उनके कार्यों का विस्तृत अवलोकन करने के बाद उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चयनित किया।

सम्मान प्राप्त होने पर डॉ. उदय शंकर ने कहा, "यह पुरस्कार मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। भविष्य में आधुनिक तकनीकों, अत्याधुनिक उपकरणों एवं नवीन प्रशिक्षणों के माध्यम से दंत चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाएंगे, ताकि शहर, राज्य एवं देश के लोगों को उच्च स्तरीय उपचार उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी दंत स्वास्थ्य जागरूकता अभियान को और व्यापक स्तर पर जारी रखेंगे।" इस उपलब्धि से लखीसराय एवं मुंगेर जिले में उनके परिजनों, मित्रों, शुभचिंतकों तथा मरीजों और उनके परिवारों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई।

डॉ. उदय शंकर की धर्मपत्नी डॉ. प्रीति सुमन ने कहा, "यह सम्मान उनके वर्षों के अथक परिश्रम, समर्पण और समाज सेवा का परिणाम है। विश्वास है कि भविष्य में भी वे इसी प्रकार समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करते रहेंगे।"

# डीवाईएफआई विद्युत् कार्यालय के समक्ष करेगी प्रदर्शन



लोकतंत्र की आवाज

**विभूतिपुर/समस्तीपुर।** भारत की जनवादी नौजवान सभा (डीवाईएफआई) अंचल कमिटी की एक बैठक बासोटोल स्थित कोचिंग संस्थान में अंचल अध्यक्ष अवधेश कुमार की अध्यक्षता एवं जिलाध्यक्ष महेश कुमार के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। बैठक में 6 जुलाई को एसएफआई के राज्य अध्यक्ष सहित 39 लोगों की गिरफ्तारी के खिलाफ नगरनौसा चलने के कार्यक्रम के तहत नगरनौसा चलने तथा 21 जुलाई को विभूतिपुर में बिजली की बदहाल स्थिति को लेकर बिजली कार्यालय,नरहन के समक्ष प्रदर्शन करने का फैसला लिया गया। बैठक में अंचल मंत्री बबलू कुमार,विद्यानंद विद्यार्थी,संजय कुमार,अर्जुन दास,सुरेंद्र दास,चंदन कुमार, अवनीश कुमार,प्रवीण कुमार, रणजीत राम आदि लोग मौजूद थे।

# पीरपैंती प्रखंड के 190 विद्यालय में सोशल ऑडिट आगामी 6 जुलाई से

लोकतंत्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** प्रखंड पीरपैंती में स्कूलों की शैक्षिक व्यवस्था का सोशल ऑडिट 6 जुलाई से शुरू होगा। जिला शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारियां तेज कर दी हैं। इस संबंध में शेरमारी स्थित उच्च विद्यालय में प्रखंड के 190 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई।

भागलपुर डीआरडीए कार्यालय से पहुंचीं सोशल ऑडिटर सतीमा बेगम ने बताया कि आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत शिक्षा व्यवस्था का मूल्यांकन किया जाएगा। शैक्षणिक व्यवस्था के लिए प्रखंड को 30 अंकों का वेटेज निर्धारित है। शिक्षा विभाग विद्यालयों की गुणवत्ता में सुधार के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि पीरपैंती प्रखंड के सभी 190 विद्यालयों का सोशल ऑडिट 6 जुलाई से शुरू होगा। प्रत्येक विद्यालय में यह प्रक्रिया छह दिनों तक चलेगी। इसमें पांच दिनों तक विभिन्न बिंदुओं पर सोशल ऑडिट किया जाएगा, जबकि छठे दिन ग्राम सभा आयोजित कर ऑडिट के निष्कर्ष और सुझाव साझा किए जाएंगे।

बैठक में प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया गया कि वे विद्यालयों में आवश्यक अभिलेखों को अद्यतन रखें और ऑडिट टीम को पूर्ण सहयोग प्रदान करें। बच्चों एवं अभिभावकों को आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम तथा शिक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी देने पर भी जोर दिया गया।

# महर्षि मेँहीँ का १२२ वाँ महावैराग्य दिवस विनोबा टोला में मना

लोकतंत्र की आवाज



**पीरपैंती।** श्रीमतपुर हुजूरनगर पंचायत के विनोबाटोला में महर्षि मेँहीँ परमहंसजी महाराज का १२२ वाँ महावैराग्य दिवस शिवनाथ बाबा की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने "श्री सद्गुरु महाराज की जय" और "महर्षि मेँहीँ महावैराग्य दिवस मनाईए" का जयकारा लगाते हुए शोभायात्रा निकाली। अध्यक्ष डॉ० शिवनाथ बाबा ने कहा कि तत्कालीन एन्ट्रेंस और आज़ की मैट्रिक के दूसरे दिन ०४ जुलाई, १९०४ को अंग्रेजी की परीक्षा देने गुरु महाराज पूर्णिया जिला स्कूल आए थे।

पूर्व के रामानुग्रह लाल दास और बाद के मेँहीँ लाल दास जो पूरे विश्व में महर्षि मेँहीँ परमहंसजी महाराज के नाम से विख्यात हुए, उन्हें व्याख्या करते हुए वैराग्य हो गया। अर्थात व्याख्या में मानव जीवन के जन्म लेने का कारण केवल ईश्वर भक्ति करनी है इसी बात को गहराई से लेते हुए उत्तरपुस्तिका के आवरण पृष्ठ पर श्रीरामचरितमानस की चौपाई - "देह धरे कर यहि फल भाई। भजिअ राम सब काम बिहाई।।" लिखकर वीक्षक को सौंपते हुए परीक्षाभवन से गृहत्याग कर लिया।

घर वापस न जाकर गुरु की खोज में भटकने लगे। अंत में बाबा देवी साहब मुरादाबाद वाले से गुरु धारण कर कुप्पाघाट, भागलपुर में ईश्वर का दर्शन किए। संतमत सत्संग जो मानव को सदाचार और शांति का उपदेश देने का काम करते हैं, इसी महावैराग्य दिवस के कारण। अध्यक्ष शिवनाथ बाबा ने कहा कि महर्षि मेँहीँ दुनिया के अकेले संत हैं जिन्होंने परीक्षाभवन से गृहत्याग किया था।

खगड़िया की सुप्रिया चन्दा ने कहा कि बिल्डर्स कविता की व्याख्या करते पूर्णिया जिला स्कूल से महर्षि मेँहीँ को हुआ था वैराग्य। मौके पर ओमराम, हेगुरु, बोलोबम, सुप्रिया चन्दा, शिक्षा आनंद, समीक्षा आनंद, लाडो, विशाल, करिश्मा, सुप्रिया विकास, श्रेयांश राज आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### एसएसबी के जवान बने जीवनरक्षक, सर्पदंश पीड़ित को समय पर पहुंचाया अस्पताल



ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

**बगहा।** सीमावर्ती क्षेत्र में 65वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सर्पदंश के शिकार एक ग्रामीण की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। कमांडेंट नंदन सिंह मेहरा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जवानों ने तत्काल राहत एवं बचाव अभियान चलाकर पीड़ित को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर करीब एक बजे हरनाटांड़ क्षेत्र के खैरानी गांव निवासी 50 वर्षीय राजकुमार को रात में सोने के दौरान जहरीले सांप ने काट लिया। घटना की सूचना मिलते ही 65वीं वाहिनी के जवान तत्काल मौके पर पहुंचे। प्राथमिक स्थिति का आकलन करने के बाद एसएसबी की एंबुलेंस से पीड़ित को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, हरनाटांड़ पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने तुरंत उपचार शुरू किया। समय पर चिकित्सा सुविधा मिलने से पीड़ित की स्थिति में सुधार है और चिकित्सकों की निगरानी में उसका इलाज जारी है। ग्रामीणों एवं परिजनों ने एसएसबी जवानों की त्वरित कार्रवाई और मानवीय सेवा की सराहना करते हुए बल के प्रति आभार व्यक्त किया। एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि 65वीं वाहिनी सीमावर्ती क्षेत्रों में सीमा सुरक्षा के साथ-साथ आपातकालीन परिस्थितियों में स्थानीय नागरिकों की सहायता एवं जीवन रक्षा के लिए भी सदैव तत्पर रहती है। यह घटना बल के आदर्श वाक्य "सेवा, सुरक्षा, बंधुत्व" को सार्थक सिद्ध करती है।

### बगहा : दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का आरोप, सरेह से बरामद हुआ शव



ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

**बगहा।** बगहा पुलिस जिले के चौतरवा थाना क्षेत्र के दसादीपट्टी गांव में एक विवाहिता की कथित रूप से दहेज के लिए हत्या कर शव को साक्ष्य मिटाने की नीयत से गांव के समीप कटी सरेह में छिपा देने का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान प्रमीला देवी के रूप में हुई है। पिता कन्हैया यादव की शिकायत पर पुलिस ने सास, देवर, देवरानी समेत चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घंटों की खोजबीन के बाद पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। मृतका के पिता कन्हैया यादव, निवासी मंगराहा (लौरिया थाना), ने बताया कि शनिवार सुबह करीब पांच बजे प्रमीला ने फोन कर ससुराल वालों द्वारा मारपीट किए जाने की जानकारी दी थी। सूचना मिलने पर परिजन दसादीपट्टी पहुंचे, लेकिन वह घर पर नहीं मिली। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल पक्ष ने उसकी हत्या कर शव को ठिकाने लगा दिया। प्रमीला का पति मुकेश यादव जम्मू-कश्मीर में मजदूरी करता है। पिता ने बताया कि वर्ष 2020 में प्रमीला की शादी हुई थी। शादी के बाद से ही उसे दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। इसको लेकर पहले भी पंचायत हो चुकी थी, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ। चौतरवा थाना के पुलिस इंस्पेक्टर नीरज कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड को मौके पर भेजकर साक्ष्य जुटाए गए। खोजबीन के बाद शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। मृतका अपने पीछे चार वर्ष और डेढ़ वर्ष की दो मासूम बेटियों को छोड़ गई है। प्रमुख बिंदु दहेज हत्या का आरोप, चार लोगों पर प्राथमिकी। गांव के समीप सरेह से बरामद हुआ शव। फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड ने की जांच। पति जम्मू-कश्मीर में करता है मजदूरी। दो मासूम बेटियां हुईं बेसहारा।

# सहरसा : बाबा मटेश्वर धाम से केदारनाथ तक 3600 किलोमीटर की पदयात्रा पर निकले तीन श्रद्धालु

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवादाता।** आस्था, श्रद्धा और संकल्प का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए तीन श्रद्धालु शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के काठो स्थिति प्रसिद्ध बावा मटेश्वर धाम से बाबा केदारनाथ धाम तक करीब 3600 किलोमीटर की पदयात्रा पर निकले। यात्रा शुरू करने से पहले तीनों श्रद्धालुओं ने प्रसिद्ध मटेश्वर धाम में विधिवत पूजा-अर्चना कर बाबा मटेश्वरनाथ का आशीर्वाद लिया। वही मंदिर न्याय समिति के उपाध्यक्ष मुन्ना भगत सहित स्थानीय लोगों ने तीनों श्रद्धालुओं को माला पहना कर उनका स्वागत किया और सुखद एवं सफल यात्रा की कामना की। श्रद्धालुओं की यह धार्मिक यात्रा कई प्रमुख तीर्थस्थलों से होकर गुजरेगी। म्टेश्वर धान से प्रस्थान करने के बाद सबसे पहले वे पटना स्थित महावीर मंदिर पहुंचेंगे। इसके बाद सोनपुर के प्रसिद्ध हरिहरनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। फिर उत्तर प्रदेश में बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए वाराणसी जाएंगे। वहां से भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन करेंगे। इसके बाद यात्रा हरिद्वार और ऋषिकेश होते हुए उत्तराखंड के कोटेश्वर मंदिर तथा पौराणिक महत्व वाले त्रियुगीनारायण मंदिर पहुंचेगी। अंत में कठिन पर्वतीय मार्ग तय कर श्रद्धालु बाबा केदारनाथ धाम पहुंचेंगे, जहां उनकी इस धार्मिक पदयात्रा का समापन होगा। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं में सुपौल निवासी रूपेश धावक, जिले के बथनाही निवासी प्रोतम यादव तथा कुमार नीतीश शामिल हैं। श्रद्धालुओं ने बताया कि पूरी यात्रा पैदल तय की जाएगी, जिसमें दो माह से अधिक समय लगने का अनुमान है। लगभग 3600 किलोमीटर लंबी इस यात्रा का उद्देश्य भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था प्रकट करना, देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करना तथा समज में आध्यात्मिक और धार्मिक चेतना का संदेश देना है। श्रद्धालुओं ने कहा के बाबा नटेश्वरनाथ की कृपा और भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद से वे पूरे उत्साह एवं विश्वास के साथ इस कठिन धार्मिक यात्रा को सफलतापूर्वक पूरा करेंगे। यात्रा को लेकर स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में भी उत्साह का महौल है तथा लोगों ने तीनों यात्रियों की मंगलमय एवं सुरक्षित यात्रा की कामना की।

## बकाया मजदूरी की मांग पर खाद्य निगम के मजदूरों की दो दिवसीय हड़ताल, अनाज उठाव प्रभावित



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** बिहार राज्य खाद्य निगम के कहरा गोदाम में लोडिंग-अनलोडिंग मजदूरों ने बकाया मजदूरी के भुगतान की मांग को लेकर गुरुवार से दो दिवसीय धरना-प्रदर्शन एवं हड़ताल शुरू कर दी। हड़ताल के कारण जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) के लिए अनाज का उठाव प्रभावित हो गया, जिससे डीलरों और उपभोक्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। मजदूरों के सरदार गनौरी शर्मा ने बताया कि वे वर्षों से निगम के गोदाम में लोडिंग, अनलोडिंग, वजन और सिलाई का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उच्च न्यायालय के निर्देश और श्रम संसाधन विभाग द्वारा निर्धारित प्रति बोरा 11.64 रुपये की न्यूनतम मजदूरी के बजाय मजदूरों को मात्र चार रुपये प्रति बोरा का भुगतान किया जा रहा है। साथ ही नवंबर 2025 से पिछले सात महीनों की मजदूरी का भी भुगतान नहीं हुआ है, जिससे मजदूरों के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। मजदूरों का कहना है कि मुख्य परिवहन अभिकर्ता सुमन सिंह एवं उनके प्रतिनिधियों से भुगतान की मांग करने पर विभाग से राशि मिलने के बाद भुगतान करने की बात कही जाती है, जबकि जिला प्रबंधक से भी कई बार शिकायत के बावजूद समाधान नहीं हुआ। इसी कारण मजदूर हड़ताल पर जाने को विवश हुए। इधर, वार्ड-31 की डीलर पूजा चौधरी और विक्रम भगत ने बताया कि समय पर अनाज की आपूर्ति नहीं होने से उपभोक्ताओं के लगातार फोन आ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लोडिंग-अनलोडिंग के नाम पर तीन रुपये प्रति बोरा लिया जाता है, लेकिन न तो सही वजन के साथ अनाज मिलता है और न ही घर तक आपूर्ति की जाती है। डीलरों को गोदाम से स्वयं अनाज उठाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। वहीं गोदाम प्रबंधक ने कहा कि मजदूरों की मांगें उचित हैं। ट्रांसपोर्टर द्वारा भुगतान नहीं किए जाने के कारण हड़ताल की स्थिति बनी है और इसकी जानकारी विभाग को भेज दी गई है। धरना-प्रदर्शन में प्रमोद शर्मा, गज्जो शर्मा, ललन शर्मा, दिनेश शर्मा, रणजीत शर्मा, बोनका शर्मा, पंकज शर्मा, प्रमाण शर्मा, अरुण शर्मा, उमेश शर्मा, सूरज शर्मा, बबलू शर्मा सहित कई मजदूर मौजूद रहे।

## मृतक रामबिहारी पांडेय के परिजनों से मिली सांसद लवली आनंद,कहा दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी

**पूर्वी चंपारण।** पचपकड़ी थाना क्षेत्र के सिसवा मंगल गांव में पीटपीट कर हुई रामबिहारी पांडेय की हत्या मामले में शिवहर सांसद लवली आनंद और उनके पति पूर्व सांसद आनंद मोहन शुक्रवार को पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिजनों एवं ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली और पूरे मामले का जायजा लेने के बाद इसे जघन्य अपराध करार देते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। सांसद ने कहा कि संख्या बल का फायदा उठाकर किसी व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या करना बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि एक सरल और कमजोर व्यक्ति के साथ गांव के ही कुछ लोगों द्वारा इस तरह की घटना को अंजाम देना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही यह भी कहा कि किसी भी निर्दोष को इस मामले में नहीं फंसाया जाए। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए इस कठिन समय में धैर्य और साहस बनाए रखने की अपील की। वहीं ग्रामीणों से आपसी सद्भाव और भाईचारा बनाए रखने का आग्रह किया। मौके पर स्थानीय मुखिया मुत्रा कुमार शाही, जदयू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मो नेहाल अख्तर,अनिल सिंह आदि मौजूद रहे। गौरतलब हो कि 23 जून को रामबिहारी पांडेय की पिट पीट कर हत्या कर दी गई थी।

## सहरसा में डीआईजी का औचक छापा, दलाल के पास मिलीं तीन थानों की केस डायरी; थानाध्यक्ष समेत 10 पुलिसकर्मी निलंबित

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर कोशी क्षेत्र के पुलिस उप-महानिरीक्षक (डीआईजी) डॉ. कुमार आशीष ने सहरसा जिले के सलखुआ थाना में औचक निरीक्षण कर पुलिस माहकमे में चल रहे कथित दलाली और गोपनीय दस्तावेजों के दुरुपयोग के मामले का बड़ा खुलासा किया। कार्रवाई के दौरान एक कथित दलाल को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से तीन थानों की मूल केस डायरी, लैपटॉप सहित अन्य सामान बरामद हुआ। मामले में सलखुआ थानाध्यक्ष सहित कुल 10 पुलिस अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पुलिस मुख्यालय को सूचना मिली थी कि सलखुआ थाना क्षेत्र में सतीश कुमार नामक व्यक्ति थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह तथा एक पुलिस अवर निरीक्षक के माध्यम से थाने में पैरवी और दलाली का नेटवर्क संचालित कर रहा है। सूचना के आधार पर डीआईजी ने 2 जुलाई को स्वयं सलखुआ थाना का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान थानाध्यक्ष और कथित दलाल के बीच मोबाइल पर बातचीत होने की पुष्टि हुई। निरीक्षण के बाद पुलिस टीम ने गोसपुर मंदिर के समीप नीले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके बैग से एक लैपटॉप, की-बोर्ड, माउस, चार्जर तथा पिपरा, सलखुआ और नवहट्टा थानों की मूल केस डायरी बरामद की गई। इसके बाद सलखुआ की थाना कांड संख्या 107/26 दर्ज कर आरोपी सतीश कुमार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले गंभीरता को देखते हुए डीआईजी ने सलखुआ थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह सहित सहरसा, सुपौल और मधेपुरा जिले के कुल 10 पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया। साथ ही पूरे मामले की जांच के लिए सिमरी बख्तियारपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार ठाकुर के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। निलंबित पुलिस अधिकारी मुकेश कुमार सिंह, थानाध्यक्ष, सलखुआ थाना (सहरसा), सुवेलाल पासवान, सलखुआ थाना (सहरसा), पंकज कुमार, नवहट्टा थाना (सहरसा), जुही कुमारी, त्रिवेणीगंज थाना (सुपौल), शिशुपाल रविदास, राघोपुर थाना (सुपौल), अरमोद कुमार, भर्राही थाना (मधेपुरा), चन्द्रजीत प्रभाकर, मधेपुरा जिला बल, पिंकी कुमारी, सुपौल जिला बल, मनीषा कुमारी, मधेपुरा जिला बल, ज्योतिष कुमार, थानाध्यक्ष, घैलाढ़ (मधेपुरा), डीआईजी कार्यालय ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी थाना या पुलिस कार्यालय में किसी बाहरी व्यक्ति द्वारा दलाली या अवैध गतिविधियों की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गौनाहा : बिना प्रभार आठ शिक्षक के रहते चार शिक्षक के भरोसे चल रहा मध्य विद्यालय मटियरिया

लोकतंत्र के आवाज गौनाहा




संवाददाता - मेराज आलम

गौनाहा प्रखंड क्षेत्र के मटियरिया पंचायत भवन परिसर में स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मटियरिया का शनिवार को प्रखंड 20 सूत्री उपाध्यक्ष विक्रमा चौधरी के द्वारा निरिक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विधालय बिना प्रभार के चल रहा है। जबकि विद्यालय में 8 शिक्षक पदस्थापित है। जिसमे सहायक शिक्षक अशोक कुमार, त्रिलोकी कुमार, रामेश्वर प्रसाद व रीता गुप्ता उपस्थित थे।लेकिन प्रधान शिक्षक सचिन कुमार, सहायक शिक्षक आशीष कुमार वर्मा, दीपकधर द्विवेदी व निशा कुमारी श्रीवास्तव अनुपस्थित पाए गए। वही सातवीं कक्षा की छात्रा प्रतिमा कुमारी ने बताई की दीपकधर द्विवेदी, आशीष कुमार वर्मा और निशा कुमारी श्रीवास्तव एक सप्ताह से विद्यालय नहीं आ रहे हैं। जिससे हम लोगों को पढ़ने में काफी कठिनाइयां हो रही है। वही आगे बताई की शुक्रवार के दिन भोजन के समय अंडा नहीं दिया जाता है बल्कि छुट्टी के समय कच्चा अंडा दिया जाता है। जो नियमानुकूल नहीं है। वही सहायक शिक्षक रामेश्वर प्रसाद द्वारा बताया गया बीते शुक्रवार को हमसे एचएम सचिन कुमार के द्वारा प्रभार पंजी में हस्ताक्षर करवा लिया गया लेकिन कार्यालय की चाभी व विद्यालय से संबंधित किसी भी अभिलेख को प्रधान शिक्षक के द्वारा मुझे उपलब्ध नहीं करवाया गया। जिससे आज शिक्षकों व बच्चों का उपस्थिति पंजी में उपस्थिति नहीं दर्ज हो पाई है। जिससे विद्यालय संचालन में भी बहुत कठिनाइयां हो रही है। वही आठवीं कक्षा के सिमरन कुमारी, सोनम कुमारी, बिंद्यवासिनी कुमारी व सोनाक्षी कुमारी से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि आज चार ही शिक्षक उपस्थित हैं। और एचएम सहित तीन शिक्षक अनुपस्थित है। वही प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष विक्रमा चौधरी ने आरओ सह प्रभारी बीईओ दीपक कुमार राम से दूरभाष पर इसकी शिकायत की तथा वरीय अधिकारीयों से इसकी शिकायत की भी बात कही। वही बता दे की स्थानीय विधायक नंदकिशोर राम के सम्मान समारोह के दौरान मंदिर परिसर में ग्रामीणों के द्वारा प्रधान शिक्षक सचिन कुमार पर गंभीर आरोप लगाया गया था और ट्रांसफर करवाने की मांग ग्रामीणों द्वारा की गई थी। वही इस संबंध में प्रधान शिक्षक सचिन कुमार से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनका नंबर बंद पाया गया।

# राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सहरसा जिलाध्यक्ष पद पर लगातार तीसरी बार अर्चना आनंद की नियुक्ति


लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवादाता।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा की वरिष्ठ नेत्री अर्चना आनंद को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक आलोक सिंह ने लगातार तीसरी बार सहरसा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी पुनर्नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने पार्टी नेतृत्व के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे अर्चना आनंद की संगठन के प्रति निष्ठा, सक्रियता और नेतृत्व क्षमता का - सम्मान बताया। पार्टी की ओर से जारी संदेश में कहा गया कि जिला अध्यक्ष का दायित्व केवल - एक संगठनात्मक पद नहीं, बल्कि - समाज और जनसेवा के प्रति समर्पण का महत्वपूर्ण दायित्व है। पार्टी नेतृत्व ने विश्वास जताया कि अर्चना आनंद अपने कुशल नेतृत्व, संगठनात्मक दक्षता और जनसरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता के पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी, प्रदेश अध्यक्ष ने नेतृत्व क्षमता और संगठन के प्रति समर्पण पर जताया भरोसा बल पर सहरसा जिले में संगठन को और अधिक मजबूत करेंगी तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगी। संदेश में यह भी कहा गया कि उनके नए कार्यकाल में सामाजिक न्याय, जनहित, सेवा, संघर्ष और संगठन की मजबूती को प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अर्चना आनंद को लगातार तीसरी बार जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में विंदेश्वरी मेहता, रौशन कुमार पाठक, चंदन बागची, शिवेन्द्र कुमार जीशू, इंजीनियर रौशन राजा, मोहम्मद इजहार, बैजनाथ कुमार विमल, चूड़ामणि झा, अमित कुमार निकुंभ, बिपिन पासवान, बालकृष्ण कुशवाहा, रणजीत कुशवाहा, अभिमन्यु सिंह, मझरुद्दीन खान 'बबलू', सुबोध झा, नरेश यादव, राजेश कुमार, शैलेश झा, मोहम्मद कमालउद्दीन, सलामत राइन, संजीत पासवान सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल रहे।

# मोतिहारी: नगर आयुक्त आशीष कुमार ने सफाई एजेंसी को लगाई 14.50 लाख रुपये की आर्थिक दंड

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी

**मोतिहारी।** नगर आयुक्त आशीष कुमार ने आज नगर निगम के सभी अभियंताओं एवं विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित कर विभिन्न विकास योजनाओं, निर्माण कार्यों, स्वच्छता व्यवस्था एवं निविदा (टेंडर) प्रक्रियाओं की गहन समीक्षा की। इस बैठक के दौरान नगर आयुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता, अनावश्यक विलंब अथवा गुणवत्ता से समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विभागवार समीक्षा की गई। जिन परियोजनाओं में अपेक्षित प्रगति नहीं पाई गई, उनके लिए संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया। कार्यों में अत्यधिक धीमी प्रगति एवं अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन के कारण दो ठेकेदारों को तत्काल कारण बताओ (शो कॉज) नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने कहा कि यदि निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यों में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ, तो संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध अनुबंध की शर्तों के अनुरूप कठोर कार्रवाई की जाएगी। नगर आयुक्त आशीष कुमार ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर निगम की सभी निविदा प्रक्रियाएं पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं नियमसम्मत तरीके से संचालित की जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी पात्र एजेंसी को तुच्छ, मनमाने अथवा निराधार कारणों से अयोग्य घोषित नहीं किया जाएगा। प्रत्येक निर्णय केवल नियमों एवं तकनीकी मानकों के आधार पर लिया जाए, ताकि पारदर्शिता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित हो सके। बैठक में स्वच्छता व्यवस्था की भी विस्तृत समीक्षा की गई। संबंधित सफाई एजेंसी का कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने तथा लगातार लापरवाही बरतने पर लगभग 14.50 लाख रुपये की आर्थिक दंडात्मक कार्रवाई (पेनल्टी) की गई। नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि शहर की स्वच्छता एवं नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी एजेंसी द्वारा अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन या कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर आयुक्त ने सभी अधिकारियों एवं अभियंताओं को नियमित फील्ड निरीक्षण करने, कार्यों की सतत निगरानी रखने तथा प्रत्येक विकास कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी अपने कार्य के प्रति व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होगा और जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक के अंत में नगर आयुक्त आशीष कुमार ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य पारदर्शी, जवाबदेह एवं परिणामोन्मुखी प्रशासन स्थापित करना है।

## म्यूल बैंक खातों के जरिए साइबर ठगी का खेल बेनकाब तीन शातिर आरोपितों पर कार्रवाई

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी

**पूर्वी चम्पारण।** साइबर थाना पुलिस ने साइबर अपराध के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए म्यूल बैंक खातों के माध्यम से साइबर ठगी के नेटवर्क में शामिल तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। इस मामले में साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आर्थिक अपराध इकाई, पटना द्वारा म्यूल खाताधारकों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए निर्देश जारी किया गया था। इसके आलोक में अपर पुलिस अधीक्षक (साइबर क्राइम) के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने रक्सौल थाना क्षेत्र के हरनाही और दुर्गा नगर इलाके में छापेमारी कर संदिग्ध खाताधारकों का सत्यापन एवं पूछताछ की। जांच के दौरान हरनाही निवासी रिशु कुमार (पिता सुरेन्द्र साह), दुर्गा नगर हरनाही निवासी राजु कुमार (पिता मुन्नी पंडित) तथा हरनाही निवासी रामाधार कुमार (पिता भनु साह) से पूछताछ की गई। पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि इन लोगों के बैंक खातों में साइबर ठगी से प्राप्त राशि मंगाई जाती थी। बाद में ये लोग चेक और एटीएम के माध्यम से नकद राशि निकालकर साइबर अपराधियों तक पहुंचाते थे। इसके बदले उन्हें मोटी रकम कमीशन के रूप में दी जाती थी। पुलिस द्वारा किए गए तकनीकी विश्लेषण में यह भी पाया गया कि इन म्यूल खातों से जुड़े मामलों में महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक तथा तमिलनाडु सहित कई राज्यों में शिकायतें दर्ज हैं। इससे यह स्पष्ट हुआ कि यह नेटवर्क अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय था और साइबर ठगी की रकम को ठिकाने लगाने में इन खातों का उपयोग किया जा रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर थाना में कांड संख्या 113/26 दर्ज कर तीनों आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

## संक्षिप्त खबरें ।


### संस्कृत साहित्य की सुश्रुत संहिता,चरक संहिता जैसे ग्रंथों का चिकित्सा क्षेत्र में विश्व को है अमूल्य उपहार:-आदित्य



**केदार नाथ पाण्डेय।**
**पीरपैंती/कहलगांव।** वैश्विक ज्ञान का प्रकाशक प्राचीन विक्रमशिला विश्वविद्यालय अंतीचक ग्राम में स्थित पीएमश्री घोल्टन मंडल उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को प्रभारी मदनमोहन पाठक की अध्यक्षता में छात्र संवाद आयोजित किया गया ।संवाद की प्रस्तुति बीएसईबी 2026 विज्ञान टॉपर आदित्य प्रकाश अमन ने दी ।उन्होंने छात्रों की जिज्ञासाओं का अपनी मेधा से हरसंभव शमन करने का भरपुर प्रयास किया ।सोशल मीडिया जैसे प्लेटफार्म का समुचित उपयोग करने पर बल दिया ।अक्षरशुद्धि,लेखन कला,उत्तरशैली ठीक करने की सलाह दी ।मार्गदर्शक गुरु डॉ नयन तिवारी की दीर्घायु के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ।उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में सुश्रुत संहिता,चरक संहिता जैसे ग्रंथों को विश्व को भारत का ऋणी बताया ।उन्होंने कहा कि परमाणु सिद्धांत सर्वप्रथम महर्षि कणाद ने दिया था ।सूर्य व चंद्र की दूरी को संस्कृत के ऋषियों ने पहले ही निर्धारित कर दिया था। पर्यावरण–संरक्षण व महात्म्य वेदों,पुराणों, उपनिषदों ने चीख–चीख कर कहा है। मानवता अपने कर्मों के कारण ही त्राहि–त्राहि करने को विवश है। अपनी विरासत,भाषा को छोड़ने व वैश्विक ज्ञान भंडार का अपमान कर ही अमेरिका की तरह अपने देश को विकसित देश के रूप में परिणत नहीं कर पा रहे हैं ।भारत के अधिकांश वैज्ञानिक नासा में प्रसिद्धि प्राप्त कर रहे हैं ।मौके पर मनीष गोस्वामी,राहुल राणा,हिमांशु आर्या,आभा कुमारी,संगीता कुमारी,अर्चना कुमारी,वर्षा कुमारी समेत काफी संख्या में शिक्षक व छात्र मौजूद थे।

### मधुरापुर बाजार में श्री कृष्णा ज्वेलर्स का शटर तोड़ चोरी का प्रयास, सीसीटीवी में कैद हुए दो संदिग्ध

**मोहम्मद सबरार आलम**
बिहपुर नवगछिया ।नारायणपुर प्रखंड के मधुरापुर बाजार स्थित सोना पट्टी गली में शनिवार तड़के श्री कृष्णा ज्वेलर्स में चोरी का प्रयास किया गया। घटना शनिवार 4 जुलाई की सुबह करीब तीन बजे की बताई जा रही है। हालांकि चोर अपने मंसूबे में सफल नहीं हो सके और मौके से फरार हो गए।



दुकान संचालक कृष्णानन्द पोद्दार ने बताया कि दो अज्ञात चोर दुकान के बाहर पहुंचे और शटर में लगे तीनों ताले तोड़ दिए। इसके बाद उन्होंने लोहे की रॉड की सहायता से शटर का लॉक उखाड़ने का प्रयास किया। इसी दौरान किसी प्रकार की आहट मिलने पर दोनों चोर घबरा गए और बिना चोरी किए वहां से भाग निकले। उन्होंने बताया कि सुबह करीब साढ़े छह बजे मकान मालिक जितेन्द्र साह टहलने निकले तो दुकान के शटर के तीनों ताले टूटे हुए देखे।
इसके बाद उन्होंने तत्काल इसकी सूचना दुकानदार को दी। सूचना मिलने पर कृष्णानन्द पोद्दार दुकान पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी वारदात रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में दो संदिग्ध युवक चोरी का प्रयास करते हुए स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। दुकानदार का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज पुलिस को उपलब्ध करा दिया गया है, जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जा सकता है। घटना के बाद कृष्णानन्द पोद्दार ने संबंधित थाना अध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने पुलिस से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर शीघ्र कानूनी कार्रवाई करने तथा क्षेत्र में रात्रि गश्ती बढ़ाने की भी अपील की है। इस घटना से मधुरापुर बाजार के व्यवसायियों में चिंता का माहौल है। स्थानीय दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन से बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और नियमित गश्त सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

# अपराध से जुड़े मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिये 100 फास्ट ट्रैक कोर्ट का किया जायेगा गठन: मुख्यमंत्री

## अब प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को राज्य स्तर पर पटना में सहयोग शिविर का किया जायेगा आयोजन

**लोकतंत्र की आवाज**



**गया जी।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज 'नए आपराधिक कानूनों (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम) के एकीकृत कार्यान्वयन पर आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया है। बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) और बिहार न्यायिक अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में बोधगया स्थित महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित इस सम्मेलन में राज्य में नए आपराधिक कानूनों को प्रभावी ढंग से और समान रूप से लागू करने तथा न्याय वितरण प्रणाली में आपसी समन्वय मजबूत करने पर गहन चर्चा की जायेगी। मुख्यमंत्री ने नए आपराधिक कानूनों पर आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय सम्मेलन को बिहार के लिए ऐतिहासिक अवसर बताते हुए कहा कि देश की लगभग 10 प्रतिशत आबादी और 14 करोड़ से अधिक लोगों को न्याय दिलाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बिहार की न्यायपालिका, पुलिस और प्रशासन पर है। उन्होंने कहा कि बिहार की पहचान सदैव 'न्याय के साथ विकास' की रही है और नए आपराधिक कानूनों का प्रभावी एवं जनहितकारी क्रियान्वयन इसी भावना को और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि अपराध से जुड़े मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिये 100 फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया जायेगा। हमलोग सहयोग कार्यक्रम चला रहे हैं, उसमें आवेदनकर्ता द्वारा समस्या को लेकर आवेदन दिया जाता है और उसका 30 दिनों के अंदर निष्पादन किया जाता है। प्रत्येक महीने के पहले मंगलवार और तीसरे मंगलवार को सभी प्रखंडों में यह आयोजित किया जाता है। 30 दिनों में आवेदन का निष्पादन नहीं करने पर संबंधित अधिकारी को 31 वें दिन मुख्यमंत्री कार्यालय से निलंबन का आदेश जाता है। प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को राज्य स्तर पर पटना में सहयोग शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसमें वैसे लोग शामिल होंगे जिनके आवेदन का निष्पादन प्रखण्ड स्तर पर हुआ है लेकिन वे फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। उनकी समस्याओं का समाधान होगा और न्याय मिलेगा। न्यायपालिका और कार्यपालिका सहयोगी बनेंगे तो काम अच्छा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि न्याय तभी सार्थक होगा जब आम जनता का न्याय व्यवस्था पर विश्वास और अधिक मजबूत होगा। इसके लिए न्यायपालिका, पुलिस और कार्यपालिका के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। सरकार और न्यायपालिका के बीच नियमित अंतराल पर समन्वय बैठकें आयोजित हों, ताकि जांच, अभियोजन और न्यायिक प्रक्रिया को और प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम को नागरिक केंद्रित दृष्टिकोण के साथ लागू करना समय की आवश्यकता है। नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए०आई०) के अधिकतम उपयोग की आवश्यकता है। अपराध नियंत्रण, निगरानी और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने में आधुनिक तकनीक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार थानों को आधुनिक संसाधनों, सी०सी०टी०वी०, डिजिटल उपकरणों तथा वैज्ञानिक जांच व्यवस्था से सुसज्जित कर रही है। फॉरेंसिक लैब, मोबाइल फोरेंसिक वैन और वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन की व्यवस्था को मजबूत किया गया है, जिससे मामलों का शीघ्र निष्पादन संभव हो सके। 112 आपातकालीन सेवा के माध्यम से पुलिस औसतन 10 मिनट में घटनास्थल पर पहुंच रही है, इसे घटाकर 7 से 8 मिनट करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्कूलों और कॉलेजों के आसपास विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्पीडी ट्रायल, फास्ट ट्रैक कोर्ट तथा समयबद्ध न्याय व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए सरकार हर आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराएगी। कानून का राज स्थापित करने के लिए किया गया निवेश आने वाले कई दशकों तक राज्य को लाभ पहुंचाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार शिक्षा और ज्ञान की ऐतिहासिक भूमि रही है। इसी माह राज्य में 211 नए डिग्री कॉलेज तथा 534 मॉडल स्कूल स्थापित किए जाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। नालंदा विश्वविद्यालय में अध्ययन प्रारंभ हो चुका है तथा विक्रमशिला विश्वविद्यालय के पुनर्स्थापन की दिशा में भी सरकार तेजी से कार्य कर रही है। न्यायपालिका, पुलिस और प्रशासन के सामूहिक प्रयासों, आधुनिक तकनीक के समुचित उपयोग तथा नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन से बिहार में कानून का राज और अधिक मजबूत होगा तथा राज्य विकास, समृद्धि और सुशासन के नए आयाम स्थापित करेगा। इस सम्मेलन को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन० कोटिश्वर सिंह, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची, पटना उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय, बिहार न्यायिक अकादमी के चेयरमैन जस्टिस राजीव रंजन प्रसाद, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, बिहार के एडवोकेट जनरल सत्यदर्शी संजय, बिपार्ड के महानिदेशक डॉ० बी० राजेन्दर एवं गृह सचिव कुंदन कुमार ने भी संबोधित किया है। इस कार्यक्रम के दौरान बिपार्ड के महानिदेशक डॉ० बी० राजेन्दर ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया है। सम्मेलन में शामिल डेलीगेट्स ने मुख्यमंत्री के साथ सामूहिक तस्वीर खिंचवाई। इस सम्मलेन में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण, पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण, राज्य के विभिन्न जिलों के डिस्ट्रिक्ट जज, मुख्यमंत्री के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिवक्तागण, कानून विशेषज्ञ, मगध प्रमंडल की आयुक्त डॉ० सफीना ए०एन०, गयाजी के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर, वरीय पुलिस अधीक्षक गयाजी सुशील कुमार सहित भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारीगण, बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (इक्ढअफ्ळ) तथा बिहार न्यायिक अकादमी से जुड़े अधिकारीगण थे, जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार के विभिन्न हिस्सों से प्रमंडलीय आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक तथा अन्य वरीय पदाधिकारी जुड़े थे।

## पीरपैंती की बेटी डीएसपी प्रियंका कुमारी का सम्मान समारोह




**लोकतन्त्र की आवाज**

**केदार नाथ पाण्डेय।**
पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड के जन विक्रेता बड़े महेश रजक की बेटी प्रियंका कुमारी जो लखीसराय में एस आई के पद पर कार्यरत रहते हुए,70 वी इढरउ परीक्षा पास कर डीएसपी पद पर चयनित होने पर जन विक्रेताओं के मान और सम्मान को बढ़ाया है। इसी क्रम में आज फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के साथी अपने जन विक्रेता महेश रजक के घर पर जाकर उनकी बेटी का फूल माला के साथ स्वागत किया ।उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिए। इस अवसर पर कांग्रेश पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष रंजन यादव, कुंदन कुमार, अभिषेक कुमार, प्रेम मंडल, उत्तरी राजद अध्यक्ष मुरली यादव सहित अन्य लोग शामिल थे।

## पर्यटन स्थलों में जीविका उत्पादों के लिए हाट-बाजार बनाने की तैयारी, ग्रामीण विकास मंत्री ने दिया अधिकारियों को निर्देश

**लोकतंत्र की आवाज**



**संवाददाता विनोद प्रसाद**
**पटना ।** ग्रामीण क्षेत्र का विकास तथा जीविकोपार्जन के संसाधन बढ़ाने के साथ ही गांवों में अर्थव्यवस्था की रीढ़ मजबूत करने के उद्देश्य से शुक्रवार को मंत्री श्रवण कुमार ने नाबार्ड के साथ विभागीय अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। इस बैठक में मंत्री ने साफ कहा कि ग्रामीण विकास के लिए बनने वाली योजनाओं में गरीब-गुरबा की जरूरतों और उनके रोजगार का विशेष ख्याल रखा जाए। उन्होंने इस दिशा में राज्य के पर्यटन केंद्रों पर अत्याधुनिक हाट बनाने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि पर्यटन स्थलों पर हाट बनाने से जीविका और किसानों के उत्पादों का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रचार-प्रसार होगा। इससे गांव के गरीबों की आमदनी बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि जीविका दीदी और दूसरे गरीबों को रोजगार उपलब्ध कराने से संबंधित योजनाओं का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जाय। इसके लिए उन्होंने पायलट प्रोजेक्ट के तहत डीपीआर बनाने के लिए एजेंसी का सहयोग लेने पर बल दिया। मंत्री श्री कुमार ने जीविका दीदी और दूसरे लोगों को प्लंबर की ट्रेनिंग देने, खेल मैदान का निर्माण व्यवस्थित तरीके से करने, ग्रामीण क्षेत्र में पुराना और खाली पड़े सरकारी भवनों को चिन्हित कर इसे हाट, बाजार के रूप में तैयार करने आदि के आवश्यक निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि जीविका दीदियों के कौशल विकास के लिए उन्हें ट्रेनिंग कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने प्रखंड स्तर पर कम से कम 10 महिला, युवतियों को प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में विभागीय प्रधान सचिव पंकज कुमार ने नाबार्ड के अधिकारियों से कहा कि वह ग्रामीण क्षेत्रों की योजनाओं की वृहद पीपीटी बनाकर दें। उन्होंने कहा कि अधिकारी इस बात को सुनिश्चित करें कि आगामी पांच वर्ष के भीतर ग्राम पंचायतों में कम से कम एक हाट बनकर तैयार हो जाए। उन्होंने सभी हाट को डिजिटल मार्केट से जोड़ने से संबंधित आवश्यक सुविधाओं को लागू करने पर जोर दिया। बैठक में जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा, वीबी-जी राम जी योजना की आयुक्त अनन्या सिंह, नाबार्ड, पटना के मुख्य महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह, उप महाप्रबंधक लक्ष्मण कुमार के साथ मंत्री के आप्ट सचिव सुनील कुमार आदि पदाधिकारियों की प्रमुख उपस्थिति रही। मंत्री श्रवण कुमार ने बैठक में शामिल अधिकारियों से कहा कि पहाड़ी विशेषकर पश्चिम चंपारण, मुंगेर, नवादा आदि जिलों में बकरी पालन को बढ़ावा देने का प्रस्ताव तैयार किया जाय। उन्होंने कहा कि आदिवासी इलाकों में पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए अधिकारी प्रस्ताव तैयार करें और इसके लिए संबंधित क्षेत्र के लोगों को जागरूक भी किया जाय।

## एनीमिया स्क्रीनिंग व टीबी मुक्त भारत अभियान की हुई समीक्षा, समयबद्ध लक्ष्य पूरा करने का निर्देश

**लोकतंत्र की आवाज**

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**
**सिरदला (नवादा)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सिरदला में शनिवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव कुमार की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य प्रबंधक मनोज कुमार, बीसीएम राजमणि, लेबर रूम इंचार्ज रिंकू कुमारी, कोल्ड चेन हैंडलर, सभी एएनएम, सीएचओ, पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि नीरज कुमार तथा परिवार नियोजन सलाहकार सहित स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। बैठक में वीएचएसएनडी एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्तर पर गर्भवती महिलाओं की एनीमिया स्क्रीनिंग, गंभीर एनीमिक गर्भवतियों की लाइन लिस्ट, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (एचआरपी) की पहचान एवं फॉलो-अप की विस्तृत समीक्षा की गई।



प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने सभी एएनएम एवं सीएचओ को समय पर एनीमिया जांच, एचआरपी की पहचान तथा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) सत्र में सभी हाई-रिस्क गर्भवतियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। टैली शीट एनालिसिस रिपोर्ट के आधार पर केंद्रवार समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधार के लिए कई निर्देश जारी किए गए। साथ ही टीबी मुक्त भारत अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रतिदिन टीबी स्क्रीनिंग कर निश्चय पोर्टल पर समयबद्ध अपलोड करने तथा 14 अगस्त तक निर्धारित लक्ष्य मिशन मोड में पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में एएनसी फुटफॉल बढ़ाने, हीमोग्लोबिन डिवाइस की कार्यशीलता, एचआरपी रजिस्टर एवं लाइन लिस्ट के नियमित अद्यतन तथा जननी पोर्टल पर समय पर डेटा प्रविष्टि सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

## बीडीओ व सीओ के विदाई समारोह में उमड़ा जनसैलाब

**लोकतंत्र की आवाज**



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**
सिरदला (नवादा)। सिरदला प्रखंड सभागार में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपेश कुमार एवं अंचलाधिकारी भोला जी के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पंचायत प्रतिनिधियों तथा प्रखंड एवं अंचल कर्मियों सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। मौके पर बताया गया कि बीडीओ दीपेश कुमार का तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर उनका स्थानांतरण हुआ है, जबकि अंचलाधिकारी भोला जी का लगभग एक वर्ष के कार्यकाल के बाद ही तबादला कर दिया गया। समारोह में उपस्थित मुखिया प्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों ने भोला जी के अल्प कार्यकाल में हुए स्थानांतरण पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों को निर्धारित कार्यकाल पूरा करने का अवसर मिलना चाहिए। अपने संबोधन में दोनों अधिकारियों ने सिरदला की जनता, जनप्रतिनिधियों एवं कर्मियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा क्षेत्र के विकास की कामना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने दोनों अधिकारियों के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनकी कार्यशैली, जनसरोकार और प्रशासनिक दक्षता की प्रशंसा की।
समारोह के दौरान दोनों अधिकारियों को पुष्पमाला एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। विदाई के दौरान भावुक माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि विनोद कुमार, मुखिया दिनेश यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष रामविलास वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी तथा प्रखंड एवं अंचल के कर्मी उपस्थित रहे।

## थाने में दलाली का 'काला खेल' बेनकाब! दलाल के बैग से मिलीं तीन थानों की केस डायरी, 10 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**लोक तंत्र की आवाज**

**सुपौल।** कोशी क्षेत्र के डीआईजी ने सलखुआ थाना का औचक निरीक्षण किया, जिसमें थानाध्यक्ष और एक कथित दलाल के बीच संपर्क की पुष्टि हुई। बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर कोशी प्रमंडल के सहरसा जिले में पुलिस विभाग के भीतर चल रहे कथित दलाली सिंडिकेट का बड़ा खुलासा हुआ है। सलखुआ थाना में केस डायरी की सौदेबाजी और पैरवी के खेल का पर्दाफाश होने के बाद कोशी क्षेत्र के पुलिस उप-महानिरीक्षक ने खुद औचक निरीक्षण कर कार्रवाई की। इस दौरान एक कथित दलाल को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से तीन अलग-अलग थानों की मूल केस डायरी, लैपटॉप और अन्य सामान बरामद हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए सलखुआ थानाध्यक्ष समेत सहरसा, सुपौल और मधेपुरा के 10 पुलिस अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पूरे मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है।

**पुलिस मुख्यालय को मिली थी दलाली सिंडिकेट की सूचना:** जानकारी के अनुसार, पुलिस मुख्यालय, पटना को सूचना मिली थी कि सहरसा जिले के सलखुआ थाना में सतीश कुमार नाम का एक कथित दलाल थानाध्यक्ष मुकेश कुमार और पुलिस अवर निरीक्षक



रविता कुमारी के माध्यम से थाने में पैरवी और दलाली का सिंडिकेट चला रहा है। सूचना में यह भी बताया गया था कि उसका भाई चंद्रकिशोर रजक मादक पदार्थों के सिंडिकेट से भी जुड़ा हुआ है। इसी इनपुट के आधार पर कोशी क्षेत्र के डीआईजी डॉक्टर कुमार आशीष ने 2 जुलाई 2026 को स्वयं सलखुआ थाना का औचक निरीक्षण किया।

**थानाध्यक्ष और कथित दलाल के बीच बातचीत की हुई पुष्टि:** औचक निरीक्षण के दौरान जांच में यह पुष्टि हुई कि थानाध्यक्ष मुकेश कुमार और कथित दलाल सतीश कुमार के बीच मोबाइल फोन पर बातचीत हुई थी। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच को और तेज कर दिया।

**मंदिर के पास से दबोचा गया कथित दलाल:** औचक निरीक्षण के बाद पुलिस टीम गोसपुर मंदिर के पास पहुंची। वहां नीले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके काले रंग के बैग से एक लैपटॉप, एक की-बोर्ड, एक माउस और एक चार्जर बरामद किया गया।

**तीन थानों की मूल केस डायरी मिलने से मचा हड़कंप:** पुलिस को सबसे बड़ा झटका तब लगा जब आरोपी के पास से पिपरा, सलखुआ और नवहट्टा थाना की मूल केस डायरी बरामद हुई। गोपनीय पुलिस दस्तावेज एक बाहरी व्यक्ति के पास मिलने से पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। इसके बाद सलखुआ थाना में कांड संख्या 107/26 दर्ज करते हुए आरोपी सतीश कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आरोपी के खिलाफ विधि-सम्मत कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## डॉक्टर्स आइकन अवार्ड समारोह का आयोजन

**लोकतंत्र की आवाज**



**बेगूसराय।** स्थानीय मुंगेरीगंज स्थित संस्कार वाटिका के सभागार में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस सप्ताह के अवसर पर 'डॉक्टर्स आइकन अवॉर्ड' समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ.सत्यजीत कुमार सिंह (एमडी,रुबन हॉस्पिटल,पटना) एवं विशिष्ट अतिथियों बेगूसराय आईएमए के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.एके रॉय,हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.नलिनी रंजन सिंह, बेगूसराय के प्रथम पूर्व मेयर आलोक अग्रवाल,डिप्टी मेयर अनीता कुमारी,ईश्वर हॉस्पिटल के एमडी डॉ.संजय कुमार सिंह तथा डेंटल सर्जन डॉ.रामप्रवेश सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ.सत्यजीत कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस महान चिकित्सक एवं पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.बिधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि के अवसर पर मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि डॉ.रॉय केवल एक उत्कृष्ट चिकित्सक ही नहीं, बल्कि समाज सुधारक और कुशल प्रशासक भी थे। उन्होंने मानव शरीर की बीमारियों के साथ-साथ समाज की सबसे बड़ी बीमारी गुलामी के खिलाफ भी संघर्ष किया और स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आजादी के बाद उन्होंने बेहतर प्रशासन का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को समाज से मिलने वाला सम्मान उनकी सेवा और समर्पण का परिणाम है। डॉ. बिधान चंद्र रॉय आज भी चिकित्सकों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने सभी डॉक्टरों से उनके आदर्शों पर चलते हुए समाज के उत्थान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. गुलशन कुमार,डॉ.आरएस पंडित,डॉ.जितेंद्र कुमार,डॉ. संतोष कुमार,डॉ.प्रिय रंजन कुमार,डॉ.मारुति नंदन,डॉ. जितेंद्र सिंह,डॉ.अरविंद कुमार, डॉ.स्वस्ति कुमारी,डॉ.कृपासु कुमार,डॉ.आनंद प्रकाश,डॉ. मेधा रानी,डॉ.रमण कुमार झा, डॉ.अनामिका कुमारी,डॉ. एकता कुमारी,डॉ.राजेश रंजन, डॉ.पंकज अग्रवाल,डॉ.मृत्युंजय कुमार,डॉ.ललन सिंह,डॉ. विश्वनाथ प्रताप,डॉ.स्निग्धा,डॉ. मुशरत जहाँ,रंजीत प्रसाद,डॉ. संजीत कुमार सिंह,डॉ.सावन, दीप्ति सिन्हा सहित कई चिकित्सकों एवं समाजसेवियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 'डॉक्टर्स आइकन अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पेपर लीक को लेकर केंद्र व राज्य सरकार पर बरसे बसपा नेता विष्णु भूषण



**भभुआ (कैमूर)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के कैमूर के पूर्व प्रभारी व उद्योगपति विष्णु कुमार भूषण ने नीट परीक्षा में सामने आई अनियमितताओं को लेकर केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार की दोहरी नीतियों के कारण देश की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है। सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए श्री भूषण ने आरोप लगाया, "पहले कांग्रेस के शासनकाल में लोगों को समुचित शिक्षा नहीं मिलती थी और अब जब लोग शिक्षित होने लगे हैं, तो भाजपा सरकार में लगातार पेपर लीक हो रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि देश के युवाओं को अनपढ़ रखकर उन्हें फिर से मानसिक रूप से गुलाम बनाने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि आज देश में शिक्षा को इतना महंगा कर दिया गया है कि मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों के लिए उच्च शिक्षा का सपना देखना आत्महत्या के समान हो गया है। वहीं, आर्थिक रूप से कमजोर और गरीब तबके के लोग तो शिक्षा की मुख्यधारा से ही वंचित होते जा रहे हैं।बसपा नेता ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान पर तंज कसते हुए कहा कि एक तरफ सरकार बड़े-बड़े नारे दे रही है, तो दूसरी तरफ नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं के पेपर लीक होने से हताश होकर देश की बेटियां आत्महत्या करने पर मजबूर हैं। यह पूरे देश के लिए बेहद दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। उन्होंने दावा किया कि देश में जब तक बसपा की मजबूत सरकार नहीं बनेगी, तब तक युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ और ऐसा भ्रष्टाचार थमता नजर नहीं आता।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बगाढ़ी में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का सफल आयोजन



**रामगढ़ ।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बगाढ़ी में शनिवार को शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। इस अनूठे कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा और मंच संचालन बच्चों ने स्वयं संभालकर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय परिवार द्वारा सभी आगत अभिभावकों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। शिक्षक कृष्णा राठौर एवं शिक्षिका साधना मौर्या के मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह में प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्चना कुमारी, अंजनी कुमारी एवं किशन कुमार को **"Students of the Month"** का सम्मान मिला। साथ ही, बेहतर शैक्षणिक प्रयासों के लिए रितेश कुमार, जागृति कुमारी, अंजली कुमारी एवं अनुष्का कुमारी को भी पुरस्कृत किया गया। संगोष्ठी के दौरान शिक्षकों और अभिभावकों के बीच बच्चों की शिक्षा, नियमित उपस्थिति, अनुशासन और उनके सर्वांगीण विकास पर सार्थक चर्चा हुई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय और परिवार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखना रहा।

### वाहन जांच में साढ़े 13 हजार का चालान काटा

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** पकरीबरावा प्रखंड में पुलिस ने तीन विभिन्न जगहों पर वाहन चेकिंग की। थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने बताया कि वारिसलीगंज मोड़, कचना मोड़ एवं राईस मोड़ के पास वाहन चेकिंग की गई। वाहन चेकिंग में एसआई सौरव कुमार, विकास कुमार एवं रबीना कुमारी शामिल थे। बताया गया कि बाइक एवं चार पहिया वाहनों की जांच की गई। इस दौरान साढ़े तेरह हजार का फाइन वसूला गया।

### हत्या का प्रयास एवं मारपीट मामले में एक दर्जन लोग गिरफ्तार

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखंड स्थित गांव गंगटी में से एक दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने बताया कि गंगटी गांव में आपसी विवाद को ले दो गुटों में हुए मारपीट एवं हत्या का प्रयास मामले में एक दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गंगटी गांव से एक पक्ष के जगदीश चौधरी, सामा देवी, चंदन कुमार उर्फ चंदन चौधरी, कृष्ण चौधरी एवं रिंकू देवी जबकि दूसरे पक्ष के मल्लू चौधरी, लल्लू चौधरी, अनिल चौधरी, नंदलाल चौधरी, राजकुमार चौधरी, रिंकू देवी एवं सारो देवी को गिरफ्तार किया गया है। सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गौरतलब है कि कांडों के आरोपियों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# कैमूर : पटेल कॉलेज भभुआ मे जिलास्तरीय प्रतियोगिता, राज्य के लिए चुने गए 10 विजेता

लोकतंत्र की आवाज



**विनोद कुमार राम**

**भभुआ/कैमूर।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन, नई दिल्ली के निर्देश पर रेड-रन 2026 अभियान के तहत शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज भभुआ में जिलास्तरीय रेड-रन मैराथन 5 किलोमीटर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एचआईवी, एड्स, टीबी एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी विषयों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सुरक्षित व्यवहार को प्रोत्साहित करना था।

**प्राचार्य ने दिखाई हरी झंडी :** मैराथन का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय से संबद्ध कैमूर जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बालक एवं बालिका वर्ग में अलग-अलग दौड़ आयोजित की गई।

**रेड रिबन क्लब ने किया संयोजन :** इस मैराथन प्रतियोगिता का संयोजन रेड रिबन क्लब के नोडल पदाधिकारी डॉ. वंशीधर उपाध्याय ने किया। उन्होंने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य सभी युवाओं को एचआईवी, एड्स से बचाव एवं स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देना था। यह दौड़ प्रतियोगिता श्री भरत कुमार सिंह के सफल नेतृत्व में आयोजित हुई।

**निर्णायक मंडल में ये रहे शामिल:**
निर्णायक मंडल की भूमिका आरडीसी कोऑर्डिनेटर डॉ. अजीत राय, मनोविज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. आशीष कुमार दुबे, एनसीसी पदाधिकारी डॉ. सौरभ सिंह विक्रम एवं पटना से आए श्री आसीम झा ने निभाई।

**विजेताओं को मिला सम्मान :** मैराथन विजेता प्रतिभागियों को पटेल कॉलेज के प्राचार्य और शिक्षकों ने प्रतियोगी परीक्षाओं की महत्वपूर्ण पुस्तकें एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के सभी विजेता प्रतिभागी आगामी दिनों में राज्यस्तरीय रेड-रन प्रतियोगिता में कैमूर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**मैराथन के विजेता प्रतिभागी :** बालक वर्ग: 1. प्रथम - माही यादव, पटेल कॉलेज भभुआ 2. द्वितीय - रामविलास पासवान, पटेल कॉलेज भभुआ 3. तृतीय - अर्जुन कुमार, बीकेएस कॉलेज चांद 4. चतुर्थ - नरेन्द्र पाण्डेय, गुरु प्रकाश कॉलेज 5. पंचम - मेराज साह, पटेल कॉलेज भभुआ।

**बालिका वर्ग:** 1. प्रथम - प्रीति कुमारी, पटेल कॉलेज भभुआ 2. द्वितीय - अमृता कुमारी, बीकेएस कॉलेज चांद 3. तृतीय - रूपा कुमारी, पटेल कॉलेज भभुआ 4. चतुर्थ - खुशी कुमारी, भूपेश गुप्त कॉलेज भभुआ 5. पंचम - निहारिका कुमारी, पटेल कॉलेज भभुआ। कार्यक्रम की सफलता में श्री जयप्रकाश सिंह, श्री समीर कुमार, श्री ओमप्रकाश पटेल, श्री पंकज कुमार, श्री रामाधीन सिंह, श्री रंजन प्रियदर्शी और पटेल कॉलेज के शिक्षकों व कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

## वित्त रहित शिक्षा नीति समाप्त करने की मांग को लेकर कांग्रेस का एक दिवसीय धरना



लोकतंत्र की आवाज

**कैमूर।** बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के आह्वान पर शनिवार को भभुआ स्थित लिच्छवी भवन के समीप कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वित्त रहित शिक्षा नीति समाप्त करने तथा वित्त रहित शिक्षण संस्थानों के समायोजन की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। धरना में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं शिक्षा से जुड़े लोग शामिल हुए। धरना को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष राधेश्याम कुशवाहा ने कहा कि बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल द्वारा राज्यव्यापी आंदोलन की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के बावजूद वित्त रहित शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को आज भी नियमित वेतनमान, सेवा सुरक्षा, पेंशन, स्वास्थ्य सुरक्षा तथा सम्मानजनक जीवन जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया है। सरकार को उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करना चाहिए। बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के मुख्य संगठक डॉ. संजय यादव ने कहा कि बिहार में वित्त रहित शिक्षा व्यवस्था को चार दशक से अधिक समय हो चुका है। इस दौरान वित्त रहित विद्यालयों, इंटर कॉलेजों एवं डिग्री महाविद्यालयों के हजारों शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने सीमित संसाधनों में रहकर लाखों विद्यार्थियों का भविष्य संवारा और राज्य की शिक्षा व्यवस्था को मजबूती प्रदान की। इसके बावजूद उनकी मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने सभी वित्त रहित शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, प्राचार्य, सेवानिवृत्त साथी, छात्र, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों और शिक्षा प्रेमियों से आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने की मुहिम में सहयोग करने की अपील की। धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 15.66 लीटर अंग्रेजी शराब व बाइक के साथ एक गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



**दुर्गावती।** पुलिस ने शराबबंदी कानून के तहत कार्रवाई करते हुए 15.66 लीटर 8 पीएम अंग्रेजी शराब एवं एक ग्लैमर मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान सोनू यादव उर्फ विन्देश कुमार यादव (24 वर्ष), पिता बीरेंद्र यादव, निवासी अकोढ़ी, थाना मोहनिया, जिला कैमूर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 15.66 लीटर 8 पीएम अंग्रेजी शराब तथा ग्लैमर मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन संख्या बीआर 45इ 4976) बरामद की है। पुलिस ने बताया कि मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## समग्र शिक्षा अभियान के डीपीओ का तबादला, शिक्षकों में मायूसी

लोकतंत्र की आवाज



**भभुआ/कैमूर।** समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए) के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (डीपीओ) विकास कुमार डीएन का स्थानांतरण नालंदा कर दिया गया है। शिक्षा विभाग द्वारा अधिसूचना जारी होने के बाद कैमूर के शिक्षा जगत में नई जिम्मेदारियों को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। वहीं उनके स्थानांतरण की खबर से शिक्षकों एवं विभागीय कर्मियों में मायूसी का माहौल है।

**कार्यकाल में सुधार की मिली पहचान :** विकास कुमार डीएन अपने कार्यकाल के दौरान शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, शिक्षकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जाने जाते रहे हैं। उनकी कार्यशैली, समयबद्ध निर्णय लेने की क्षमता और सरल एवं सहज व्यवहार ने उन्हें शिक्षकों के बीच एक अलग पहचान दिलाई।

**योजनाओं को धरातल पर उतारा :** उनके नेतृत्व में समग्र शिक्षा अभियान की कई महत्वपूर्ण योजनाओं को धरातल पर उतारा गया। विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने, प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता लाने और शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में उन्होंने उल्लेखनीय योगदान दिया।

**शिक्षकों ने बताया: शिक्षक हितैषी अधिकारी थे :** स्थानांतरण की सूचना मिलते ही शिक्षक समाज में निराशा देखी जा रही है। कई शिक्षकों का कहना है कि विकास कुमार डीएन न केवल एक कुशल प्रशासक थे, बल्कि शिक्षक हितैषी अधिकारी भी थे, जो समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उनका व्यवहार सभी के प्रति सहज और सहयोगात्मक रहा। शिक्षकों का मानना है कि ऐसे कर्मठ एवं ईमानदार अधिकारी का स्थानांतरण कैमूर शिक्षा विभाग के लिए एक बड़ी क्षति है। हालांकि सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि वे अपनी नई जिम्मेदारी में भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे।

## अभिभावक -शिक्षक संगोष्ठी में अभिभावकों की रही शानदार उपस्थिति

लोकतंत्र की आवाज



**रामगढ़।** राजकीय कृत मध्य विद्यालय डहरक प्रखंड रामगढ़ में शिक्षा विभाग बिहार सरकार के निर्देशानुसार अभिभावक - शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया ' प्रधानाध्यापक हरिदास शर्मा के नेतृत्व में मीना मंच की नोडल शिक्षिका सुनीता कुमारी के साथ मीना सदस्यों द्वारा सभी आगंतुक अभिभावकों का स्वागत पुष्प अर्पित कर किया गया ' इसके पश्चात बैठक का थीम ₹ड्रॉप आउट, सरकारी योजनाएं एवं विद्यालय की मौलिक सुविधाएं ₹ पर विद्यालय के शिक्षक आशीष कुमार मौर्य, सुनीता कुमारी इत्यादि द्वारा प्रकाश डाला गया ' प्रधानाध्यापक हरिदास शर्मा ने अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी में उपस्थित सभी अभिभावकों का अभिवादन करते हुए कहा कि एक ग्रीष्मावकाश के पश्चात् यह संगोष्ठी आयोजित हो रही है जिसमें आप सभी की उपस्थिति प्रशंसनीय है ' उन्होंने निर्धारित थीम पर प्रकाश डालते हुए बताया की हमारे विद्यालय में ड्रॉप आउट की समस्या नहीं है, उन्होंने माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने में आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है ' आप सभी बच्चों को तैयार कर साफ सुथरा पोशाक में नियमित रूप से विद्यालय भेजें ' उन्होंने विद्यालय के लिये उपलब्ध करायी जा रही सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी ' बच्चों के लिए पुस्तक, छात्रवृत्ति,पोशाक, एवं विद्यालय के लिए उपलब्ध राशि के साथ साथ बच्चों के गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए, एफ एल एन किट, साइंस किट, इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया ' विद्यालय की मौलिक सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि यहां के बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो तथा तनाव रहित वातावरण में शिक्षा प्राप्त करें इसके लिए आवश्यक संसाधनों से विद्यालय को परिपूर्ण करने का प्रयाय किया जा रहा है ' उन्होंने शिक्षकों के साथ साथ अभिभावकों का आभार व्यक्त किया कि आप सभी के सहयोग से विद्यालय अनवरत नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है ' उक्त अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, रसोईयां उपस्थित रहे '

## नुआंव : शिक्षक पहुंचे अभिभावकों के द्वार: नुआंव के बराड़ी विद्यालय की अनूठी पहल, समाज में सराहना

लोकतंत्र की आवाज



**नुआंव (कैमूर)।** शिक्षा किसी का इंतजार नहीं करती, बल्कि उसे हर घर तक पहुंचना होता है—इस संकल्प को धरातल पर उतारते हुए नुआंव प्रखंड के बराड़ी विद्यालय ने एक अनूठी मिसाल पेश की है। विद्यालय में आयोजित 'अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी' में जब कई अभिभावक रोजगार और अन्य जरूरी व्यस्तताओं के कारण स्कूल नहीं पहुंच सके, तो शिक्षकों ने बच्चों के भविष्य को सर्वोपरि रखते हुए खुद उनके घर जाने का फैसला किया।

**घर-घर जाकर हुई आत्मीय चर्चा:** प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुनीता कुमारी के नेतृत्व में शिक्षकों की टीम सीधे अभिभावकों के द्वारे पहुंची। इस दौरान शिक्षकों ने परिजनों के साथ बैठकर बच्चों की नियमित उपस्थिति, पढ़ाई के स्तर, सीखने की प्रगति (लर्निंग प्रोग्रेस) और उनके उज्ज्वल भविष्य को लेकर बेहद आत्मीय माहौल में चर्चा की। शिक्षकों ने अभिभावकों को प्रेरित किया कि व्यस्तता के बावजूद बच्चों की पढ़ाई पर निरंतर ध्यान देना क्यों आवश्यक है।

**मजबूत हुआ विद्यालय-समाज का रिश्ता:** शिक्षकों के इस औचक और सकारात्मक प्रयास से ग्रामीण व अभिभावक भावुक हो उठे। इस पहल ने न केवल विद्यालय के प्रति ग्रामीणों के विश्वास को और मजबूत किया है, बल्कि 'विद्यालय-समाज साझेदारी' को एक नई और प्रेरणादायक दिशा भी दी है।

**प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुनीता कुमारी ने कहा:** हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा सिर्फ इसलिए शिक्षा और मार्गदर्शन से वंचित न रह जाए क्योंकि उसके माता-पिता काम के सिलसिले में स्कूल नहीं आ पा रहे हैं। शिक्षा को हर चौखट तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। इस संवेदनशील और समर्पित प्रयास की पूरे प्रखंड में जमकर सराहना हो रही है।

# तुलसीपुर हत्याकांड एक महीना बिता, न शव की पहचान, न कातिल गिरफ्तार, जांच पर उठ रहे सवाल

लोकतंत्र की आवाज



**मोहनिया** थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़ा होने लगे हैं, हाल के दिनों में लगातार बढ़ रही अपराधिक घटनाओं ने स्थानीय पुलिस की गस्त और कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा दिया है, सबसे चर्चित मामला 22 मई 2026 को तुलसीपुर गांव के काली मां के मंदिर के पूरब खेत से बरामद 55 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति के शव की पहचान एक महीना बीत जाने के बाद भी नहीं हो सकी है, सबसे बड़ी बात पुलिस उसके हत्यारे को पकड़ना तो दूर उसकी पहचान तक नहीं कर सकी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 मई को ग्रामीणों ने खेत में एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा था, शव की हालत काफी भयावत थी, मृतक के चेहरे और शरीर के कुछ हिस्सों को तेजाब या किसी केमिकल से जलाया गया था, जिससे उसकी पहचान करना मुश्किल हो गया था, घटना की सूचना मिलते ही मोहनिया सर्किल इंस्पेक्टर और थानाध्यक्ष सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की थी, घटना की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम, डॉग स्क्वायड और डीआईयू की टीम को भी बुलाया गया था, सभी टीमों ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया, लेकिन एक महीने से भी ज्यादा बीत जाने के बाद भी आज तक न तो मृतक की पहचान हो सकी है और न ही इस जघन्य हत्याकांड का कोई सुराग मिल पाया है। इससे लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं और पुलिस जांच की गति पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस संबंध में मोहनिया थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने शनिवार की दोपहर फोन पर बताया कि अभी तक शव की पहचान नहीं हो पाई है, अनुसंधान जारी है।

## मायके आई महिला की करैत सांप के डसने से मौत, सदर अस्पताल में हुआ पोस्टमार्टम

लोकतंत्र की आवाज



**कैमूर।** अधौरा थाना क्षेत्र के बड़गांव गांव में मायके आई एक महिला की करैत सांप के डसने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। मृतका की पहचान रोहतास जिले के कोणीयारी गांव निवासी लाल बहादुर उरांव की 28 वर्षीय पत्नी परमशिला देवी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि परमशिला देवी दो दिन पहले अपने भाई की तबीयत खराब होने की सूचना मिलने पर मायके बड़गांव आई थीं। शनिवार की भोर करीब तीन बजे घर में फर्श पर सोने के दौरान उन्हें जहरीले करैत सांप ने डस लिया। सांप के काटते ही उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और उन्होंने शोर मचाया।परिजनों ने पहले उन्हें झाड़-फूंक के लिए उत्तर प्रदेश के इमलियाडीह ले गए, लेकिन हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद उन्हें अधौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर अधौरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना के चौकीदार किशुन देव सिंह ने बताया कि पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव का पंचनामा बनाया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतका अपने पीछे आठ वर्षीय पुत्र संदीप कुमार और पांच वर्षीय पुत्री अनुष्का कुमारी को छोड़ गई हैं। असमय हुई मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, गांव में भी शोक का माहौल व्याप्त है।

